तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री




# टाउनशिप में ब्लैकआउट ट्रायल

उमेश पाण्डेय

## खबर संक्षेप

### के विनोद कुजूर होंगे दुर्ग के नए डीजे



**भिलाई।** बुधवार की शाम हाईकोर्ट बिलासपुर से न्यायाधीशों के ट्रांसफर आदेश जारी हुए हैं। इसमें दुर्ग जिला एवं सत्र न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश के विनोद कुजूर को बनाया गया है। वे वर्तमान में बिलासपुर हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल के पद पर पदस्थ हैं। दुर्ग में वे डॉ. प्रज्ञा पचौरी की जगह लेंगे। बता दें कि न्यायाधीश कुजूर दुर्ग में पहले भी सेवा दे चुके हैं। पिछले कुछ समय से वे बिलासपुर हाईकोर्ट में पदस्थ हैं। डॉ. पचौरी को लेकर फिलहाल हाईकोर्ट से कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। बताया जाता है कि जल्द ही उन्हें लेकर भी नया आदेश जारी होगा।

# मॉकड्रिल : हवाई हमले से निपटने रेड अलर्ट, 7 संवेदनशील जगहों पर लगे सायरन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पाकिस्तान से तनाव के बीच हवाई हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार की शाम 4 बजे प्रशासन ने बीएसपी समेत शहर के पांच से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर मॉकड्रिल किया। इतना ही नहीं टाउनशिप और बीएसपी क्षेत्र में रेट अलर्ट जारी कर दिया गया है। भिलाई-दुर्ग में मॉकड्रिल और रेड अलर्ट स्पॉट बीएसपी के मेन गेट और टाउनशिप के आसपास ब्लैक आउट भी किया गया। शाम को 7:30 से 7:42 तक ब्लैक आउट के दौरान बीएसपी और टाउनशिप के अधिकांश हिस्सों में बिजली गुल रही। इस बीच शहर के 7 संवेदनशील जगह पर सायरन लगाया गया है। इसमें रेलवे स्टेशन दुर्ग, पुलगांव चौक, बीएसपी मेन गेट, जुनवानी चौक, कलेक्ट्रेट, इंदिरा मार्केट दुर्ग और एनडीआरएफ पावर हाउस शामिल हैं।

### दुश्मन देश के हमले के अलर्ट के बाद बजा सायरन, मुंह में कपड़ा दबाकर जमीन पर लेटे लोग



समय शाम के ठीक 4 बजे, स्थान जुनवानी का सूर्यामॉल क्षेत्र, अचानक सायरन बजा, सायरन बजते ही चौक के आसपास भगदड़ जैसे हालात बनने लगे, तभी पुलिस की टीम ने एनाउंसमेंट किया, घबराएं नहीं, तत्काल सुरक्षित स्थान की तरफ जाएं, वाहन चालक गाड़ी रोककर गाड़ी से उतरकर जमीन पर लेट जाएं। मुंह पर कपड़ा दबा लें, कान बंद कर लें। करीब 2 मिनट तक सायरन बजते रहा। बाद में लोगों को हवाई हमले से बचाव से जुड़ी जानकारी दी गई। मॉकड्रिल के दौरान फायर सेफ्टी से जुड़े डेमोस्ट्रेशन किए गए। करीब डेढ़ घंटे का अभ्यास किया गया। इसी तरह की मॉकड्रिल बीएसपी में की गई। इसके अलावा शहर के प्रमुख स्थलों में शहीद चौक, इंदिरा मार्केट, बीएसपी मेन गेट, एनडीआरएफ कार्यालय में सायरन बजाकर अलर्ट की जानकारी दी गई। शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट किया गय। बीएसपी के मेनगेट और टाउनशिप में बिजली गुल रखी गई, लोगों की दुकानों के बिजली बंद कराए गए। सायरन बजाकर लोगों को आपदा से जुड़ी जानकारी दी गई। लोगों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया।

### हवाई हमले से बचने बीएसपी के बीटीआई भवन में मॉकड्रिल

हवाई हमले से निपटने की तैयारियों को लेकर बुधवार की शाम 4 बजे जिले में 5 जगहों पर मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान बीएसपी के बीटीआई भवन में पूरी तरह से युद्ध के हालात तैयार किया गया। शाम 4 बजे ही सायरन की आवाज से कैम्पस में भगदड़ के हालात बने। इससे पहले दफ्तरों में रोज की तरह कामकाज चल रहा था। अचानक दुश्मन देश का हमला होने से दहशत के साथ चारों ओर भगदड़ मच गई। चींख पुकार करते हुए लोग अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। तत्काल फायर ब्रिगेड गाड़ियां और एम्बुलेंस पहुंच गई। घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाते सुरक्षा जवान सक्रिय हो गए। बचाव के लिए कुछ ही मिनटों में भवन को खाली कराने की कवायद बचाव दल ने शुरू की। एनाउंसमेंट के जरिए बताया गया कि मुंह में कपड़ा दबाकर जमीन पर लेट जाएं। दोनों कानों को हाथ से दबा लें। जहां तक हो सके सुरक्षित ठिकाने पर पहुंच जाएं। बीएसपी के मेन गेट पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। मॉकड्रिल के दौरान 20 मिनट में युद्ध के दौरान बनने वाले हालात से लोगों को अवगत कराया गया। सीआईएसएफ व



एनडीआरएफ द्वारा ब्लास्ट फर्नेस-7 व रेल मिल के सामने भवन के सामने भी इसी तरह का रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास किया गया। 4.20 बजे सायरन बजने के साथ ही मांकड्रिल समाप्त हुआ।

## जिले का रिजल्ट : बारहवीं में 82.96% व दसवीं में 71.53%, 5 बच्चे मेरिट में

# 12वीं मेरिट में कोई नहीं, 10वीं में ई रिक्शा चलाने वाले की बेटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को बारहवीं व दसवीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार 12वीं मेरिट में दुर्ग जिले का कोई विद्यार्थी स्थान नहीं ले पाया। पिछले साल 2 विद्यार्थी मेरिट में थे। दसवीं में पांच विद्यार्थी मेरिट सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं। गौरव की बात यह है कि इनमें से तीन बेटियां सरकारी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राएं हैं। एक छात्र प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग और एक निजी स्कूल का छात्र है। दुर्ग जिले का ओवरआल रिजल्ट में भी पिछले साल से पिछड़ गए हैं। पिछले साल वर्ष 2024 बारहवीं में 83.40 प्रतिशत रिजल्ट आया था और इस साल वर्ष 2025 में 82.96प्रतिशत । यानी 0.44 प्रतिशत की कमी रही। कुल 10626 विद्यार्थी सफल हुए हैं। दसवीं में वर्ष 2024 में 76.86 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए । वहीं इस साल वर्ष 2025 में 71.53 प्रतिशत परिणाम आया और कुल 11935 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह 5.33 प्रतिशत रिजल्ट कम आया है। जो जिला शिक्षा विभाग के लिए चिंतन का विषय है। जिले का टापर वैष्णवी देवांगन रही है। बारहवीं और दसवीं बोर्ड में बेटियों का दबदबा रहा। बारहवीं में 5161 बालक और 7657 बालिकाओं ने परीक्षा दी। जिसमें से 86.27 प्रतिशत बालिकाएं यानी 6602 उत्तीर्ण रही। वहीं 4024 छात्र यानी 78.04 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह दसवीं में 7553 छात्रों ने परीक्षा दी। जिसमें से 4829 यानी 64.21 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। जबकि 77.55 प्रतिशत यानी 7106 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की।

### वर्ष 2024 में 12वीं में 83.40 प्रतिशत और 10वीं में 76.86 प्रतिशत विद्यार्थी हुए थे पास

**बारहवीं के नतीजे**

| विद्यार्थी | कुल परीक्षार्थी | शामिल परीक्षार्थी | परीक्षाफल |
|---|---|---|---|
| बालक | 5219 | 5161 | 78.40 प्रतिशत |
| बालिका | 7696 | 7657 | 86.27 प्रतिशत |
| योग | 12915 | 12818 | 82.96 प्रतिशत |

**बारहवीं**

| श्रेणी | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी |
|---|---|---|---|
| बालक | 1922 | 1889 | 212 |
| बालिका | 4147 | 2345 | 110 |
| कुल | 6969 | 4234 | 322 |

**दसवीं के नतीजे**

| विद्यार्थी | कुल परीक्षार्थी | शामिल परीक्षार्थी | परीक्षाफल |
|---|---|---|---|
| बालक | 7691 | 7553 | 64.21 प्रतिशत |
| बालिका | 278 | 9189 | 77.55 प्रतिशत |
| योग | 16969 | 16742 | 71.53 प्रतिशत |

**दसवीं**

| श्रेणी | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी |
|---|---|---|---|
| बालक | 2471 | 2082 | 276 |
| बालिका | 4350 | 2565 | 191 |
| कुल | 6821 | 4647 | 467 |

### ई रिक्शा चलाने वाले की बेटी रिहा मेरिट सूची में 7वां



रिहा देवांगन 98.17 प्रतिशत ,मेरिट सूची में 7 वां स्थान सेजस रिसाली की छात्रा है। श्यामनगर रिसाली में रहने वाले पिता उत्तम देवांगन ई रिक्शा चलाकर अपनी बिटिया की पढ़ाई को आगे बढ़ा रहे हैं। मां अनिता गृहणी है। रिहा अकेली बेटी है। वे बताती है कि मैथ्स लेकर आईटी सेक्टर में जाऊं। पढ़ाई के लिए कोई टाइम फिक्स नहीं किया।

### किराना दुकानदार की बेटी नूतन को बनना है डॉक्टर



नूतन वर्मा 97.83 प्रतिशत मेरिट सूची में 9 वां स्थान सेजस पांहदा की छात्रा है। उनके पिता पवन वर्मा घर में किराना दुकान चलाते हैं और छोटे किसान हैं। मां भारती वर्मा गृहणी हैं। एक टारगेट तय कर इसे प्राप्त करने रोजाना कड़ी मेहनत की। वे बताती हैं कि आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। कोचिंग भी जाती रही।

### किसान का बेटा बिट्टू गांव से आकर दुर्ग में की पढ़ाई



बिट्टू कुशवाहा 97.83 प्रतिशत , मेरिट सूची में 9 वां स्थान प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा है। वह बताता है कि उनके पिता कमलेश कुशवाहा छोटे किसान हैं। पढ़ने की ललक से वह बलरामपुर जिले के नवाडीहकला गांव से दुर्ग प्रयास आवासीय विद्यालय आया। डॉक्टर बनने की इच्छा है। मां संजू कुशवाहा गृहणी हैं।

### बैडमिंटन व शतरंज के साथ पढ़ाई की आदित्य ने



आदित्य प्रताप सिंह 97.67 प्रतिशत मेरिट सूची में 10 वां स्थान सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 भिलाई का छात्र है। उन्होने बताया कि 5-6 घंटे नियमित पढ़ाई की। सभी विषयों को बराबर समय दिया। इसकी वजह से सफलता मिली। बैडमिंटन और शतरंज खेलना भी बहुत अच्छा लगता है। इससे पढ़ाई की थकान भी दूर हो जाती है। आगे डॉक्टर बनना चाहता हूं।

### मोबाइल से दूर रहकर पाया वैष्णवी ने लक्ष्य, हर दिन की कड़ी मेहनत



वैष्णवी देवांगन 98.83 प्रतिशत मेरिट सूची में 6 वां स्थान सेजस नगपुरा की छात्रा है। वैष्णवी के पिता गोपाल देवांगन प्लाटर का कार्य करते हैं। मां धनेश्वरी गृहणी है। वैष्णवी बताती हैं कि वह रोजाना 5 से 6 घंटे की पढ़ाई करती। बॉयोलॉजी विषय लेकर आगे डॉक्टर बनना है। इस मुकाम को हासिल करने मोबाइल से दूर रही।

### 12वीं के बेहतर परिणाम के लिए बनेगी कार्य योजना

बारहवीं बोर्ड में इस बार राज्य की मेरिट लिस्ट में एक भी छात्र नहीं पहुंच पाया। नए शैक्षणिक सत्र के रोड मैप में विद्यार्थियों की सफलता के लिए योजनाएं रहेंगी। दसवीं बोर्ड में पांच विद्यार्थी मेरिट में आएं हैं। इनमें स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की तीन छात्राएं हैं। मैं सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता हूँ।
**-अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

### दसवीं में सबसे ज्यादा 3452 विद्यार्थी फेल

दसवी बोर्ड का रिजल्ट इस बार खराब रहा है। इस कक्षा में दुर्ग जिले के 3452 विद्यार्थी फेल हो गए हैं। इसी तरह पूरक भी 1296 को मिला है। बारहवीं में 961 विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए हैं और 1221 को पूरक मिला है। बारहवी में 907 और दसवीं में 227 विद्यार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे हैं। बारहवीं के 10 विद्यार्थियों का रिजल्ट रोके गए हैं। दसवीं में 69 विद्यार्थियों की परीक्षा निरस्त की गई है।

# विवाहिता का न्यूड फोटो इंस्टाग्राम में किया वायरल, अपराध दर्ज

### पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का मामला, पति ने दर्ज कराई शिकायत



**भिलाई।** विवाहिता का न्यूड फोटो इंस्टाग्राम पर वायरन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 66 सी,66 ई,67 आईटी एक्ट, 77,79 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि पति ने अपनी चौथी शादी की साल गिरह पर सोशल मीडिया पर मैसेज पोस्ट किया था। इस दौरान अज्ञात ने उसे इंस्ट्राग्राम पर पर्सनल मैसेज किया था। पति ने जब फोटो खोलकर देखा तो उसकी पत्नी का अश्लील फोटो निकला। इंस्टाग्राम चलाने वाले के बारे में पति ने काफी पतासाजी की लेकिन कुछ हासिल नहीं होने पर पुलिस में शिकायत किया है। पदमनाभपुर टीआई केशवराम कोसले ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने इंस्टाग्राम से भेजा गया है। उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सायबर की टीम भी सिमें जुटी हुई है। पुलिस इंस्टग्राम को चेक कर रही है इसे जो चलाता है युवक के बारे में पतासाजी किया जा रहा है। घटना की जानकारी पति को 3 मई को हुई। पुलिस की सायबर टीम द्वारा सोशल मीडिया पर परिजनों के फोटो को वायरल करने से बचने की सलाह देता रहा है। बावजूद आम लोग इसके विपरित की काम कर रहे है। इस तरह का घटना भिलाई दुर्ग में नया नहीं है। इसके पूर्व भी इस तरह के मामले सामने आ चुके है। लेकिन आरोपी को खोजने में पलुलिस को दिक्कत होती है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

#### आरोपी की जारी है तलाश

पति ने थाने में पहुंचकर मामले की शिकायत की है। मामला साइबर क्राइम से जुड़ा हुआ है। इसलिए साइबर टीम को भी सक्रिय किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया अकाउंट खंगाला जा रहा है।
**-केशव राम कोसले,** प्रभारी पद्मनाभपुर थाना

Valkrn's HEALTHCARE

वालकिंस डायग्नोस्टिक सेंटर

भारी बचत | फुल बॉडी चेकअप | भारी बचत

| जाँच | Bronze + | Silver + | Gold + | Platinum |
|---|---|---|---|---|
| थाइराईड जाँच | TSH | TSH | T3+T4+TSH | T3+T4+TSH |
| शुगर जाँच | Random Blood Sugar | Random Blood Sugar | Fasting + PP | Fasting + PP |
| लिवर जाँच | BILIRUBIN | सम्पूर्ण PROFILE | सम्पूर्ण PROFILE | सम्पूर्ण PROFILE |
| किडनी जाँच | Urea Creatinine | Urea Creatinine | सम्पूर्ण PROFILE | सम्पूर्ण PROFILE |
| कोलेस्ट्रौल जाँच | Cholestrol + Triglyceride | LIPID PROFILE | LIPID PROFILE | LIPID PROFILE |
| पेशाब जाँच | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| CBC जाँच | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| एक्स रे | ✗ | ✓ | ✓ | ✓ |
| सोनोग्राफी | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ |
| विटामिन जाँच Vitamin D + Vitamin B12 | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ |
| | ~~1800~~ रु. 990 | ~~2800~~ रु. 1690 | ~~3500~~ रु. 2350 | ~~8500~~ रु. 4800 |



डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट

जेल तिराहा के पास, बाफना मंगलम, के बाजु में पदमनाभपुर, दुर्ग
7880099919, 7880090220

## बुधवार को कोर्ट में 45 मि. हुई बहस

# टाउनशिप के दुकानदारों को हाईकोर्ट से राहत सुनवाई तक कोई कार्रवाई नहीं करने आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई टाउनशिप के दुकानदारों को हाईकोर्ट से राहत मिली है। दुकानदारों ने दुकानों की लीज नवीनीकरण को लेकर लगाई गई मनमानी शर्तों और अत्यधिक शुल्कों के विरुद्ध यह याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने के निर्देश दिए है। दुकानदारों की ओर से अधिवक्ता हिमांशु चौबे मामले में पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने न्यायालय में पक्ष रखते हुए बताया कि दुकानों की लीज नवीनीकरण के लिए जो शर्तें और शुल्क तय है। वे न केवल अनुचित हैं, बल्कि छोटे व्यापारियों के हितों के भी खिलाफ हैं। इन शर्तों के चलते सैकड़ों दुकानदारों का व्यवसाय खतरे में पड़ गया है। व्यापारियों ने बताया कि टाउनशिप के व्यापारियों को लीज नवीनीकरण के नाम पर हजारों गुना वृद्धि करके भेजे गए राशि के भुगतान के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इस मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट में बुधवार को 45 मिनट बहस चली। न्यायाधीश ने याचिका करता के पक्ष को सहानुभूति पूर्वक सुनते हुए सुनवाई के योग्य पाया। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, महासचिव दिनेश सिंघल, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, अजय दीक्षित ने बताया कि न्याय के रास्ते से भी शहर की व्यापारियों एवं प्रभावी संस्थाओं को राहत मिलेगी।



#### खास बातें

- लीज नवीनीकरण को लेकर लगाई गई शर्तें और अत्यधिक टैक्स वसूली को लेकर याचिका दायर

### कार्यालय स्थानांतरण सूचना

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रहा है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

# हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने होम डिलीवरी चार्जेस देकर भी चालक काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने कंपनी द्वारा वाहन चालको से होम डिलिवरी के नाम पर ढाई सौ तक चार्जेस ले रह है। लेकिन वाहन चालको को दिए गए अप्वांटमेंट तिथि में भी वे घर नंबर लगाने नही पहुंच रहे है। जिससे वाहन चालक रूपए देकर भी परेशान हो रहे है। हालात यह है कि, वाहन चालक लगातार शोरूम के चक्कर कांटकर परेशान हो रहे हैं।

आनलाइन आवेदन करने के बाद भी पन्द्रह दिन की वेटिंग का सामना वाहन चालको को करना पड रहा है। वाहन चालको के पास सिर्फ नंबर डिलीवर होने की सूचना आ रही है। जबकि नंबर डीलर तक पहुंचने की जानकारी नही मिल रही हैं। उल्लेखनीय है कि, हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए वेबसाइड जारी किया गया है। आनलाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन करने के बाद वाहन चालको को मोबाइल नंबर में मैसेज भेजा जा रहा है। इस मैसेज में बताया जा रहा है कि, आपके वाहन का नंबर डिलिवर्ड हो गया और बकायदा नंबर लगाने अप्वांइटमेंट तिथि भी दी जा रही है। लेकिन उस दिन पहुंचने के बाद वाहन चालको को यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि, उनके वाहन का नंबर नही आया है। वाहन चालक आवेदन करने के दौरान इस बात से खुश थे कि, कंपनी होम डिलिवरी चार्जेस लेकर उनके घर नंबर लगाने आएगी। लेकिन नंबर लगाना तो दूर उन्हें नंबर आने तक की सूचना नही मिल पा रही है। ऐसे में जिलेभर से वाहल चालक जिला मुख्यालय के चक्कर कांट रहे है। वर्तमान में पालीटेक्निक कालेज के सामने बजाज शोरूम, आरटीओ आफिस और जिला न्यानयलय में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया था। वही कुम्हारी में भी शिविर का आयोजन किया गया था।

## अप्वांटमेंट डेट मिलने के बाद भी वाहन चालक हो रहे परेशान, 15 दिन की चल रही वेटिंग

### चार पहिया के लिए ढाई सौ तक चार्ज

जिला न्यायलय में आनलाइन आवेदन का कागज लेकर पहुंचे चार पहिया वाहन चालक आदित्य सिंह गुप्ता सीजी 07एम 4538 ने बताया कि, उन्होने आवेदन किया तो होम डिलिवरी चार्जेस 250 रूपए आनलाइन जमा किए थे। उन्हें अप्वांटमेंट तिथि 29 अप्रैल को दिया गया था। यानि इस दिन घर में उनका नंबर लग जाना था। लेकिन नंबर लगन तो दूर जारी ही नही किया गया है। बुधवार को जिला न्यायलय वे पहुंचे थे। जहां अफसरों से शिकायत करने की बात कही। इससे समझा जा सकता है कि, होम डिलिवरी के नाम पर कंपनी वाहन चालको को चूना लगा रही हैं।



### आप्शन में शामिल

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए आवेदन करने के दौरान होम डिलिवरी का आप्शन रहता है। वैसे समय पर लगाना कंपनी की जिम्मेदारी हैं। -**वैभव शुक्ला,** इस्पेक्टर आरटीओ

### अब तक 66 हजार आवेदन, लगे सिर्फ 15 हजार

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में दो और चार पहिया के करीब साढे तीन लाख से अधिक वाहन है। जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर लगाए जाने है। बहरहाल अब तक 66 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जबकि लगे सिर्फ पन्द्रह हजार वाहन में है। अफसरों ने बताया कि, नंबर लगाने का जिम्मा निजी कंपनी रोजमार्टा को दी गई है। लेकिन कंपनी द्वारा जिले में पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था ही नही की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### चंडी शीतल मंडल में बैठक आज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का संगठनात्मक दौरा मंडलों में लगातार जारी है। इसी कड़ी में 8 मई को पाटन मंडल मे सुबह 11 बजे रेस्ट हाउस में दुर्ग शहर विधानसभा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल शाम 4 बजे आशीष इन्फोटेक, चंडी शीतला मंडल में शाम 6 बजे पटेल भवन उरला में आयोजित की गई है। भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, विधायक, पूर्व विधायक, निगम आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला भाजपा पदाधिकारी सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी शामिल होगें।

### अहिवारा एवं धमधा में समाधान शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण 5 से 30 मई तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 मई को नपाप अहिवारा में वार्ड 3 मंगल भवन अहिवारा और जनपद पंचायत धमधा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोढ़ी में शिविर आयोजित की जाएगी।

### नगपुरा में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत ग्राम दमोदा नगपुरा में प्रस्तावित नवीन सेवा सहकारी समिति में कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नाबार्ड से अधिकारी अशु गोयल द्वारा कृषकों को सरकारी बैंक एवं सहकारी समिति में संचालित होने वाले समस्त ऋण योजनाओं एवं सभी सुविधाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला सरकारी बैंक के अधिकारी एसके निवसरकर, शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, पर्यवेक्षक चंद्रप्रभा मारकंडे, नगपुरा समिति अध्यक्ष मुकेश मण्डले एवं बड़ी संख्या में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तम चंद्राकर, दीपक यादव, कन्हैया साहू, विष्णु यादव उपस्थित रहे। संचालन श्याम सुंदर कश्यप ने किया गया।

### वोरा ने छात्रों को दी बधाई

**दुर्ग।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इस वर्ष कुल 5,68,791 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें 10वीं में 76.53% और 12वीं में 81.87% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक, दुर्ग शहर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री अरुण वोरा ने भी परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## बदलाव : नए नियम लागू किए जाने की तैयारियां शुरू, जिलेभर में पहले प्रचार प्रसार

# नए नामांतरण में झगड़ा-झंझट होगा खत्म, रिकार्ड हो जाएगा तत्काल दुरूस्त

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के नए नामांतरण के नियम में बडा बदलाव इस बात का होगा कि, रजिस्ट्री के बाद नामांतरण भी आटोमैटिक हो जाएगा। इससे अब एक ही जमीन का दुबारा रजिस्ट्री नही हो पाएगी। पूर्व में रजिस्ट्री के बाद नामांतरण नही कराने के कारण कई बार इसे दुबारा षडयंत्र के तहत बेचने की शिकायते मिलती रही है। लेकिन अब ऐसा नही होगा। वहीं रजिस्ट्री होने के बाद आटोम्यूटेशन के जरिए पूरा डाटा भुंईया साफ्टवेयर में फीड हो जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के जरिए शुरू किए जा रहे इस नए नियम से दावा आपत्ति कराने से भी छुटकारा मिल जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के लागू होने के बाद पक्षकारों को इस बात की बडी राहत मिलेगी, कि उन्हें पटवारियों के चक्कर नही कांटने पडेगें।

बहरहाल विगत तीन मई से प्रदेश के तीन पंजीयक कार्यालय, जिसमें नया रायपुर, बालौदा बाजार और आरंग में पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत कर दी गई हैं। पायलट प्रोजेक्ट के यहां सफलता के बाद प्रदेश के सभी जिलो में नामांतरण के नए नियम लागू किए जाने की तैयारी है। दुर्ग पुराने पध्दति से ही वर्तमान में रजिस्ट्रियां हो रही हैं। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला और उप पंजीयको को नामांतरण के नए नियम का प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा तीन पंजीयक कार्यालय में नामांतरण के नए नियम तीन मई से लागू कर दिए गए है। जिसमें आम लोगों को बडी राहत मिलेगी। इसे लेकर जिला पंजीयको को द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## नामांतरण होते ही लगभग विवाद की स्थिति होगी खत्म, ईश्तहार की प्रक्रिया से मिलेगी राहत

### नामांतरण के बाद आपत्ति निपटाएंगे एसडीएम

नए नियम को लेकर यह भी बताया जा रहा है कि, पहले नामांतरण के बाद आपत्ति आने पर तहसीलदार निराकरण करते थे। लेकिन अब इसका निराकरण एसडीएम करेगें। जानकारों की माने तो पहले पटवारी से नकल लेने और दावा आपत्ति के बाद पारदर्शिता होती थी। लेकिन अभी रजिस्ट्री होते ही नामांतरण हो जाएगी। ऐसे में इसके बाद आपत्ति आने पर तहसीलदार के बजाय निराकरण एसडीएम करेगें। वही रजिस्ट्री शून्य कराए जाने को लेकर भी संशय बना हुआ है। राज्य शासन द्वारा दिए गए मौखिक जानकारी अनुसार अफसरों ने बताया कि, रजिस्ट्री शून्य करने सिविल कोर्ट ही जाना होगा।




### दावा आपत्ति बगैर हो जाएगा नामांतरण

इस नियम में यह प्रावधान किया गया है कि, रजिस्ट्री होने के बाद पहले जहां नामांतरण कराने के पहले दावा आपत्ति के लिए पन्द्रह दिन का समय दिया जाता था। लेकिन इस नए नियम में इन सबसे छुटकारा मिल गया हैं और रजिस्ट्री होते ही ओटोमैटिक नामांतरण हो जाएगा। कृषि जमीन को छोड बाकी जमीन के लिए ऋण पुस्तिका की जरूरत नही होती है। इसलिए पटवारियों के पास सिर्फ कृषि जमीन के लिए ऋण पुस्तिका लेना जाना होगा। विगत दिनों तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने एक आदेश जारी कर डायवर्टेड जमीन में ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता को पहले ही समाप्त कर दिया हैं। हांलाकि इस प्रावधान को लेकर जानकारों ने पक्षकार का नसर्गिक हनन कहा जा रहा हैं।

### ऋण पुस्तिका पटवारी ही करेंगे जारी

नए नियम को लेकर कई भ्रांतिया भी सामने आ रही है। हरिभूमि ने जमीन से जुडे जानकारों से जानकारी जुटाई है। कहा जा रहा है कि, दुर्ग जिलमें डायवर्टेड जमीन के लिए ऋण पुस्तिका अनिवार्य नही है। रजिस्ट्री कागज ही पर्याप्त है। वही दूसरी तरफ खेती जमीन के लिए रजिस्ट्री के बाद पटवारी ही ऋण पुस्तिका जारी करेगे। पहले जहां रजिस्ट्री के बाद ऋण पुस्तिका में ब्यौरा पटवारी भरते थे, जिसमें बाद तहसीलदार प्रमाणीकरण करते थे। वर्तमान में कहा जा रहा है कि, पटवारी ही पुस्तिका जारी करेगें और भू राजस्व संहिता के पावर को जिला पंजीयक को दिए जाने के बाद प्रमामीकरण की जरूरत नही होगी।

### इन सवालों का अब तक जवाब नहीं?

हरिभूमि ने पटवारी से लेकर तहसीलदार और बडे अधिकारियों से जानकारी जुटाई। लेकिन नियम लागू करने के दबाव के आगे वे कुछ कहने से बच रहे हैं। वर्तमान में अभी कई सवाल जो अनसुरझे है। जिसमें नामांतरण के अधिसूचना में मात्र विक्रय विलेख का उल्लेख किया गया हैं। पंजीकृत दान पत्र, हक त्याग बंटवारानामा आदि के सम्बंध में किस रीति से कार्य होगा उल्लेख नही है। दूसरा सीजी भू राजस्व संहिता की धारा 110 के विभिन्न नियमों (जैसे नियम 27) के सम्बंध में कोई उल्लेख नही है, संबंधित नियमों का परिपालन किस प्रकार होगा। वही किसी नामांतरण में कोई आपत्ति आती है तो उसका निराकरण किस रीति से होगा। शासकीय भूमि, पट्टे की भूमि, वन भूमि, नाबालिक की भूमि आदि बिना जांच तत्काल नामांतरण होता है तो किसकी जवाबदेही तय होगी। नामांतरण एवं बटांकन साथ की प्रक्रिया है, उसका पालन कैसे होगा।

### पुरानी पध्दति से रजिस्ट्री

प्रदेश के तीन उप पंजीयक में नियम लागू किया गया है। दुर्ग में पुराने पध्दति से रजिस्ट्री हो रही है। फिलहाल प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यहां भी लागू किए जाने की तैयारी है। -**प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

### पहले रिकार्ड शुध्दिकरण

नए नियम लागू करने के पहले रिकार्ड शुध्दिकरण होना जरूरी है। वर्तमान में पचास फीसदी से अधिक रिकार्ड दुरूस्त नही है। जब तक रिकार्ड डिजिटलाइजेशन नही होगा, तब तक नए नियम लागू होने के बाद भी पक्षकारों को भटकना पडेगा।
-**कमलेश राजपूत,** संरक्षक छग पटवारी संघ

## रिंग बनाकर ठेकेदारों ने बांट लिए काम, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड के टेंडर में गफलत होने की शिकायत नाराज ठेकेदारों ने कलेक्टर से की है। उन्होने लिखित शिकायत में कलेक्टर को बताया है कि, बगैर सार्वजनिक प्रकाशन और वीडियोग्राफी के पांच करोड के टेंडर को गुपचुप तरीके से बांट दिया गया है। ठेकेदारों से छुपाकर बांटे गए टेंडर में प्रतिस्पर्धा नही होने से नाराज कांट्रेक्टरों ने कार्यवाही की मांग की है।

- टेंडर सार्वजनिक किए बगैर चहेतों को बांटे गए काम

कृषि उपज मंडी द्वारा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु निविदा सूचना जारी किया गया था। जिसका सूचना पत्र लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दुर्ग शहर के एक नेता के साथ मिलीभगत की गई है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि, टेंडर ऐसे अखबार में दिया गया जिसे किसी को जानकारी तक नही लगी। जबकि विभाग में भी टेंडर की कोई जानकारी चस्पा नही की गई थी। उन्होने कहा कि, टेंडर की सूचना अपने पसंदीदा ठेकदारों को दी गई। ताकि वो आपस में रिंग बनाके कार्यों को आपस में बांट सके।

### सूचना तक नहीं किया गया चस्पा

ठेकेदारों ने कहा है कि रिंग बनाकर चेहते लोगों को काम दिया गया। जबकि प्रदेश के ठेकेदार इसमें शामिल तक नही हुए। टेंडर प्रक्रिया को कृषि उपज मंडी बोर्ड के सूचना पटल में चस्पा किया गया और उक्त कार्यों को अधिकारी और नेता के चुनिंदा ठेकदारों में आपस में बंदर बाट कर लिया गया है। जिसकी भनक जब ठेकदारों को लगी तो इसकी जानकारी ठेकदारों ने मंडी के अधिकारियों से मांगा तो उन्होंने जानकारी देने से सीधे मना कर दिया। अफसरों ने जनप्रतिनिधि से मिलने कह दिया। उक्त बात से नाराज ठेकेदारों ने सीधे जिला कलेक्टर को इस व्यापक भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत कर निविदा को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है। ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि एक ओर सरकार सुशासन की बात करती है। इस दौरान एस ग्रुप के संचालक राहुल सिंह, रवि शर्मा, योगेश जांघेल, राहुल पतील , प्रभात तिवारी, निखिल शर्मा, शुभम सरकार, हेमंत गोयल, प्रशांत अग्रवाल एवं विकास गुप्ता साहित अन्य ठेकदार उपस्थिति थे।

## आतंकी ठिकानों पर हमला का व्यापारी संगठन ने किया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग जिला सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं प्रदेश मंत्री पवन बडजात्या, दुर्ग इकाई अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद, बीती रात्रि भारतीय सेना द्वारा सीमापार स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई। निर्णायक व वज्रतुल्य कार्रवाई को हम सभी व्यापारी संगठन, उद्योग प्रतिनिधियों और राष्ट्र सेवकों ने स्वागत और समर्थन करते है। हिरानी ने कहा कि, यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा नीति का वह साहसी अध्याय है, वहीं देश के नागरिकों के मन में सुरक्षा और सामर्थ्य का संचार करता है। प्रकाश सांखला ने कहा कि, आज का दिन राष्ट्रीय व्यापारी अभियान घोषित करते हुए भारत गौरव व्यापार दिवस का नाम दिया जाएगा। जिले में 1 दिन राष्ट्र सेवा को समर्पित–दुकानें राष्ट्रध्वज से सुसज्जित, सैनिक परिवारों का सम्मान करेंगे।

## रोजगार दिवस पर जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्ग दर्शन में एकेच गोठ एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाबो पानी महाअभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिपं सीईओ बजरंग कुमार दुबे द्वारा आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, जल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल संरक्षण की दिशा जानकारी दिया गया। जल संरक्षण हेतु समस्त नागरिकों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को जल शपथ दिलाया गया। प्रत्येक माह की 7 तरीख में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाता हैं, पर मजदूरों जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, ग्रामीणों को जल सरंक्षण की जानकारी दिया गया। सीईओ श्री दुबे ने बताया कि, महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोजगार दिवस के आयोजन कर जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का 6 मई से 15 जून 2025 तक किया जा रहा है। रोजगार दिवस जनपद पंचायत दुर्ग मतवारी, अंजोरा ढा., अछोटी सहित अन्य गांवों में आयोजन किया गया।

## महापौर ने कहा 24 घंटे में नाली से स्लैब और सीढ़ियां हटाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा महापौर-महा-सफाई अभियान के अंतर्गत आज स्वयं महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 5 मरारपारा के विभिन्न गलियों से होकर अभियान चलाया गया।
नगर मार्ग तक पैदल चलकर नालियों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान दूकानदारों एवं रहवासियों द्वारा नालियों के ऊपर तक बना लिये स्लैब व सीढ़ी को 24 घंटे के बाद तोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने दूकानदारों को चेतावनी दी कि, यदि वे 24 घंटे के भीतर नालियों के स्लैब व सीढ़ियीं नहीं तोड़ते तो नगर निगम स्वयं ही तोड़ देगा।
इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शिव नायक, मनीष साहू,वार्ड पार्षद विजयंत पटेल, पार्षद गोविंद्र देवांगन मौजूद रहे।

## एनआईसी की पहल पर आईआरएडी परियोजना के तहत मिली सुविधा

# एप और वीडियोग्राफी से साक्ष्य जुटाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सडक दुर्घटनाओं के तत्काल साक्ष्य जुटाने अब पुलिस हाईटेक तरीके से काम करेगी। इससे तत्काल साक्ष्य जुटाने में पुलिस को जहां राहत मिलेगी, वही सटीक तथ्य भी पुलिस को मिल पाएगी।

आम नागरिकों की सुविधा और सड़क सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से जिला अस्पताल दुर्ग में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना (आईआरएडी) के अंतर्गत एक विशेष रिपोर्टिंग काउंटर की स्थापना की गई है। यह पहल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) दुर्ग के सुझाव पर की गई है। इस विशेष काउंटर की मदद से सड़क दुर्घटनाओं की सूचना त्वरित और सही तरीके से दर्ज की जा सकेगी, ताकि उसे आईआरएडी पोर्टल में समय रहते प्रविष्ट किया जा सके। यह पहल सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

- सड़क सुरक्षा में सुधार का है उद्देश्य




### नागरिकों को होने वाले तात्कालिक लाभ

एम्बुलेंस और पुलिस समय पर पहुंचती है, जिससे गंभीर घायलों की जान बच सकती है। आम नागरिक मोबाइल ऐप के जरिए सीधे दुर्घटना की सूचना दे सकते हैं। हादसे से संबंधित सटीक जानकारी बीमा दावों व कानूनी कार्यों में मददगार होती है। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर नागरिकों को सचेत किया जाता है, जिससे आगे दुर्घटनाएं टल सकती हैं।

### क्या है आईआरएडी परियोजना

एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना(आईआरएडी), भारत सरकार की एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। पुलिस कर्मी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दुर्घटना की सूचना फोटो और वीडियो सहित दर्ज कर सकते हैं। हर घटना के लिए एक विशिष्ट आईडी जारी की जाती है। लोक निर्माण विभाग या स्थानीय निकाय के इंजीनियर को उसी क्षण अलर्ट मिलता है, जिससे वे मौके पर जाकर जांच कर सकते हैं। सड़क की बनावट और अन्य तकनीकी विवरण दर्ज किए जाते हैं, जो आगे डेटा विश्लेषण और सुधार कार्यों में सहायक होते हैं।

## जातिगत जनगणना से सभी को फायदा- ताम्रकार

**दुर्ग।** अधिकवक्ता और कांग्रेस नेता सौरभ ताम्रकार का कहना है कि, जातिगत जनगणना से स्पष्ट हो जाएगा कि,देश मे कितनी जाति के कितने लोग है, उनके लिए बेहतर सरकारी योजना कैसे बनाया जाए। केंद्र की मोदी सरकार जनगणना के साथ जाति गत गणना के पक्ष में नहीं थी, बीजेपी के नेताओ ने इसका मज़ाक उड़ाया, पर राहुल गांधी के भारत जोड़ों यात्रा के दौरान जातिगत जन गणना का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया। सभी प्रदेश के चुनाव में इसे मुख्य मुद्दा रखा गया, अहमदाबाद राष्ट्रीय कॉंग्रेस अधिवेशन में इसे पारित करने संकल्पित रहे।कॉंग्रेस और राहुल गांधी जाति गत जन गणना के साथ ही जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उतनी उनकी भागीदारी हो, इस पर विश्वास करती है, जन गणना में जाति के साथ उनके आर्थिक स्थिति आदि बिंदु शामिल रहे।

## राष्ट्रीय परीक्षा में छत्तीसगढ़ से 8 रेफरी का किया गया चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जूजित्सु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आठ दिवसीय राष्ट्रीय रेफरी प्रशिक्षण सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड में किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रेफरी द्वारा थ्योरी प्रैक्टिकल एवं ऑनलाइन परीक्षा एशियाई यूनियन के वेबसाइट में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ से चार अलग-अलग इवेंट में आठ रेफरी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें वरिष्ठ प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद शांडिल बालोद, तेजस राहुल राजनंदगांव, यतीश्वर राव बस्तर, दुर्गेश मीठघरे कबीरधाम, शिवदयाल पाटिल बेमेतरा, असजाद रजा एम सी बी, अनुज दमानी राजनंदगांव, राणा वसुंधरा सिंह राजनंदगांव जिला रहे। सभी प्रशिक्षकों के राष्ट्रीय रेफरी बनने पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, महासचिव राणा अजय सिंह, कोषाध्यक्ष बाबूराव, देवा साहू सचिव, दुर्ग वार्ड 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



### सियान सदन में वृद्धजनों के लिए बढ़ी सुविधाए

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत सियान सदन वृद्धाश्रम में एक नवीन आवासीय ब्लॉक का लोकार्पण किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी पवन कुमार ने किया। नव-निर्मित आवासीय सुविधा में 20 पूर्णतः सुसज्जित कमरे शामिल हैं, जिनमें वृद्धजनों के लिए 10 एकल आवासीय और 10 द्वैतीय आवासीय कक्ष हैं। इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम शिवराजन, एच. शेखर,विष्णु के पाठक, डीजीएम राघवेंद्र गर्ग, राजीव कुमार, मनीष पंत तथा सरोज झा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने आश्वस्त किया कि वृद्धजनों की आवश्यकताओं को परिवार-जैसे माहौल में संवेदनशीलता व उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जाएगा। श्री दत्ता ने भी सहयोग का आश्वासन व शिवराजन ने स्वागत भाषण दिया।

### एक करोड़ 83 लाख 71 हजार रुपए की नवीन विकास कार्यों की दी सौगात

# पुरैना अंडरब्रिज तक 63 लाख में बनेगी नाली, टार रोड का भी होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरैना में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने बुधवार को विकास कार्यों की सौगात दी। इसके अंतर्गत विकास कार्य, सीआईएसएफ गेट से अंडरब्रिज पुरैना तक नाली निर्माण कार्य लागत राशि 63.73 लाख, सीआईएसएफ गेट से अंडरब्रिज पुरैना तक टार रोड चौड़ीकरण कार्य लागत राशि 99.48 लाख और वार्ड क्रमांक 39, जगदम्बा चौक स्थित किरण शर्मा के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत राशि 20.50 लाख रुपए की नवीन विकास कार्यों की विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए क्षेत्रवासियों को इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो, यही शुभकामना समृद्ध, सशक्त और

**मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी : ललित**



प्रगतिशील ग्राम पुरैना की ओर एक और कदम है। आगे चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रावण कुमार बेटा बनकर पिछले एक वर्ष में हमारी सरकार ने कोने-कोने तक छत्तीसगढ़ को संवारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। विकास के ध्येय को फलीभूत करते हुए राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

हमारी सरकार ने प्रदेश में 'मोदी की गारंटी' के सभी बड़े वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। इसका समुचित लाभ नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा सुशासन तिहार के माध्यम से हमारी सरकार ने जनता के बीच पहुंचकर तत्काल समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और जनता को इसका समूचा लाभ मिल रहा है। ष्णिु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी प्रतिबद्धता व जवाबदेही के साथ लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने उसके जीवन में खुशियां लाने का काम कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, एनएसपीसीएल से सरफराज आलम, परमाल सिन्हा, बूथ अध्यक्ष सोमनाथ, कुशल चंद्राकर पी रामा राव, दुर्गेश कृष्णा राव, सरोज बाई, लखन नाग, गोविंद दास निहाल, बी चंद्रावती, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, एमआईसी मेंबर संजू नेताम, पार्षद हरीश नायक, पार्वती महानंद, रजिता बेनुआ, मोहन बघेल, प्री प्रकाश, विमला विश्वकर्मा, द्रौपदी यादव, परमानंद बिनियां, मोहन, बी जय प्रकाश, सूर्या, शंकर यादव, पी अरुद्रा आदि उपस्थित थे।

## गर्मी में व्याकुल गाय को देख सांसद विजय ने पेश की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

भीषण गर्मी से जहां इंसान बेहाल हैं, वहीं पशु-पक्षी भी प्यास और गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं। ऐसे में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने करुणा और सेवा की मिसाल पेश की।

■ जनता से की करुणा की अपील

मंगलवार दोपहर को दौरे पर निकल रहे सांसद ने जब रास्ते में एक प्यासी और थकी हुई गाय को देखा, तो तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई। उन्होंने खुद गाय को रोटी खिलाई और पानी पिलाया, फिर उसके सिर पर हाथ फेरकर आगे का सफर जारी किया। इस छोटी-सी मगर दिल छू लेने वाली घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोगों ने सांसद के इस कदम की सराहना की और कहा कि समाज के हर वर्ग को पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सांसद विजय बघेल ने इस मौके पर जनता से अपील करते हुए कहा, गर्मी के इस मौसम में घर के बाहर, छतों पर या आसपास पानी के बर्तन रखें, ताकि बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। यह एक छोटा प्रयास है, लेकिन इससे कई जिंदगियां बच सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति और जीवों के प्रति दया और करुणा ही इंसानियत की पहचान है।

### रक्तदान शिविर में ग्रामीणों ने लिया भाग



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम बोरई में सरपंच ओमेश्वर यादव के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आस पास के ग्रामीणों द्वारा रक्तदान शिवर में भाग लिया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू ,स्वास्थ्य विभाग से मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पूर्व जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, शिवकुमारी वैष्णव , ग्रामीण कैलाश सिन्हा संतोष साहू, साहू समाज अध्यक्ष भानु साहू, जितेंद्र गुप्ता, तुषार साहू पंच रवि साहू आदि उपसथित थे।

## अंतर्विभागीय मिल जोन सुरक्षा प्रतियोगिता का पुरस्कार समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स ज़ोन के ठेका कार्मिकों के लिए पूर्व में आयोजित अंतर्विभागीय मिल जोन सुरक्षा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में टूल बॉक्स टॉक, फुल बॉडी हार्नेस, सेफ्टी क्विज, सेफ्टी गीत एवं कविता, सुरक्षा ड्रामा, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा शिपिंग (लोडिंग एवं अनलोडिंग) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। ईडी राकेश कुमार और सीजीएम तापस दासगुप्ता विशेष अतिथि थे। पवन कुमार ने कहा कि ठेका कार्मिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास है। राकेश कुमार ने सेल में एथिकल स्टील के साथ संयंत्र को भारत के सर्वोत्तम स्टील उत्पादक के रूप में स्थापित करने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। इस अवसर पर सीजीएम कार्तिकेय बेहेरा, देबदत्त सत्पथी, एमके गोयल, तीर्थंकर दस्तीदार तथा महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता भी उपस्थित थे। सीजीएम प्रभारी योगेश शास्त्री ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन उप-प्रबंधक जितेन्द्र दस मानिकपुरी व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

■ बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले पुरस्कार



## सीआईआई राष्ट्रीय कार्य कौशल स्पर्धा में बीएसपी को मिले तीन पदक




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा सीआईआई राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दिल्ली में हुई प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने 3 ट्रेडों में पदक प्राप्त किए हैं। प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न उद्योगों 231 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

■ प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न उद्योगों 231 प्रतिभागियों ने भाग लिया

कारपेंटर ट्रेड में टी एंड डी विभाग से पीला राम वर्मा ने प्रथम स्थान तथा शिव शंकर टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कंप्यूटर ट्रेड में एसएमएस-2 विभाग के अर्पित सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया व पीएलसीट्रेड में रेल मिल विभाग के एन. निथिअनन्थन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाँचों प्रतिभागी पहले भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा कोलकाता में 6 से 9 अगस्त 2024 तक आयोजित 35वीं सीआईआई क्षेत्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में चयनित हुए थे। इसमें कारपेंटरी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हाइड्रोलिक, मशीनिस्ट, पी.एल.सी., वेल्डर तथा टर्नर ट्रेड के कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

## बिजनेस साइट

### स्वदेशी शिल्प महोत्सव को ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**भिलाई।** स्वदेशी शिल्प महोत्सव की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सिविक सेंटर, कला मंदिर के सामने, भिलाई में संचालित प्रदर्शनी के संचालक द्वारा भिलाई दुर्ग वासियों के लिए अब 24 मई 2025 से इस प्रदर्शनी का आयोजन आपकी ट्विन सिटी नगर वासियों के लिए किया गया है ताकि भिलाई दुर्गवासी इस मेले में खरीदी का लुत्फ ले सकें। आप इस प्रदर्शिनी में आकर यहां का लाभ लें, प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक सनवीर पाल ने चर्चा के दौरान बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। स्वदेशी शिल्प महोत्सव में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोसा की सिल्क साड़ी और भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई-दुर्ग में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोसा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। गर्मी के इस मौसम पर सामानों की खरीदी कर, विशेष आकर्षण की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान, ग्राहकों के लिए रखे गये हैं ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए। यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 10 से रात 11 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं एवं असुविधा ना हो इस प्रदर्शनी में इसलिए ग्राउंड में ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी है।

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## देवादा सरपंच ग्राम विकास के साथ ग्रामीणों के सुख-दुख में करती है आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

सरपंच और ग्राम पंचायत हर जरूरतमंद व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा गांव की सरपंच निर्वाचित होने के बाद ग्रामीणों के हर सुख-दुख में शामिल होकर गांव के जरूरतमंद व्यक्ति को आर्थिक मदद कर रही है। विगत दिनों गांव में कल्याणी यादव की बेटी की शादी में सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा 5000 की सहयोग राशि दी गई। वर्मा ने सरपंच निर्वाचित होने के दूसरे दिन से ही गांव के हर जरूरतमंद गरीब परिवार के सुख और दुख के कामों में शामिल होकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करती है। वर्मा का कहना है कि गांव में केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र



हितग्राहियों को पक्के मकान, गांव में सड़क, पानी, बिजली, नाली निर्माण के साथ-साथ जरूरतमंदों के कल्याण में अपनी सहभागिता निभाकर जिस मतदाता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है। उनके भरोसे पर खरा उतरने हर संभव प्रयास जारी है।

### आईईआई ने किया तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय तथा अतिथि वक्ता आईआईटी, भिलाई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक, डां. शैलेन्द्र कुमार थे। अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। पाण्डेय ने कहा कि भारत ने सीओपी-26 सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता और 50 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति अक्षय स्त्रोतों से करने का लक्ष्य रखा है। बीएसपी , इस दिशा में तीव्रता से कार्य कर रहा है। मरोदा बाँध में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बीते दो दशकों में इस पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। पुनीत चौबे ने कहा कि सरकार, नागरिकों एवं संस्थाओं को मिलकर यह प्रयास करना होगा कि विश्व की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्त्रोतों से पूरा किया जाए।

### जैविक कृषि अभियान पर की गई चर्चा

**अंडा।** अमृता विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं की टीम ग्राम पंचायत कोटनी जिला दुर्ग में जैविक कृषि अभियान के तहत गांव के किसानों एवं महिलाओं से मिलकर विस्तृत चर्चा किया। टीम का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं, ग्रामवासियों को विभिन्न कौशलों एवं उद्योग आदि में दक्ष बनाया जाता है। इससे वे अपने पारंपरिक जीवन से आगे बढ़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो पाते हैं। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया विदेशी स्टूडेंट्स का स्वागत। विदेशी स्टूडेंट्स में सौम्या, अरुण, हरि सर, अनुप, ब्रिजेट ओवेन्स टोंडेरी, अनुजा श्रवंत, थम्मना दिव्या, सारिन, नीरज, अमल अश्विन, प्रियम्वदा, अभिनव, विश्वजीत, आर्या, अद्वैता, कीर्ति प्रभु, अम्बरीश आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ऑपरेशन सिन्दूर में जवानों के पराक्रम को सैल्यूट करने उमड़ी ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पहलगाम जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 भारतीयों की मौत का बदला देश के जवानों ने ले लिया है। बीती रात ऑपरेशन सिन्दूर नाम से देश की तीनों प्रमुख सेनाओं की संयुक्त टीम ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर बम बरसाए। इसके बाद भिलाई में ऑपरेशन सिंदूर की खबर मिलने के बाद जश्न का माहौल है। लघु भारत भिलाई में भी अलग ही माहौल देखने को मिला। सांसद विजय बघेल भी सुबह से ही अपने मार्निंग वाक ग्रुप के साथियों के साथ में तिरंगा लेकर निकल पड़े। भारतीय सेना के जस्बे को बढ़ाते हुए जयकारे लगाते हुए सड़कों पर जयकारा लगाया। विजय बघेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश की उम्मीदो पर खरे उतरे हैं। प्रधानमंत्री ने जो कहा उसे कर के दिखाया है। सबसे बड़ी बात इस स्ट्राइक का नाम भी ऑपरेशन सिंदूर दिया था, जो उन सभी बहन बेटियों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है, जिनका सिंदूर उजड़ गया था। फौज का मनोबल बढ़ाने के लिए भारत माता की जय घोष के साथ सुबह भिलाई टाउनशिप के सिविक सेंटर में एक विशाल विजय रैली निकाली गई। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

## हाथ में तिरंगा लेकर सांसद विजय बघेल ने लगाया भारतीय सेना का जयकारा

### देश के मामले में कोई राजनीति नहीं करेगा, हम सब एकजुट



भारत-पाक तनाव और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने साफ कहा कि यह भारत माता की एकता, अखंडता और सुरक्षा का मामला है। इस पर कोई राजनीति नहीं करेगा। सभी एक जुट होकर देश की आर्मी के साथ है। आगे विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हम सब भारत माता के सपूत है। इसमें कोई भी राजनीति नहीं आएगी। हम सब एक है और सभी भारत के हम सपूत एक साथ अपनी देश की आर्मी के साथ खड़े है। हम लोग लोगों के लिए काम करते है। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है हमारा भारत देश। देश के लिए अपने आप को कुर्बान का मौका बहुत ही सौभाग्यशाली व्यक्ति को मिलता है। देश में जंग की स्थिति आएगी तो उसमें सबसे पहले आप का देवेंद्र उसमें सम्मिलित होने के लिए आगे रहेगा। इस बात को महसूस करवाना जरूरी है कि इस गीदड़ हमलों से हम नहीं डरने वाले हैं। हमारी सरकार पाकिस्तान को जमकर सबक सिखाएगी। ताकि दोबारा पाकिस्तान कभी भारत की ओर आंख उठाने तक की हिम्मत नहीं कर पाएगा।



### नया भारत, जो आतंकियों को घर में घुसकर मारता है : पांडेय



भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर एक बार फिर अपनी ताकत और संकल्प का परिचय दिया है। इस सटीक कार्रवाई से देशभर में गर्व और विश्वास की भावना मजबूत हुई है। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने इस अभूतपूर्व सैन्य अभियान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना सदैव देश की बहनों का सिंदूर बचाने और नागरिकों की रक्षा करने के लिए तत्पर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित सेना के जवानों और समस्त देशवासियों को इस साहसिक अभियान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबित कर दिया कि यह नया भारत है, जो आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है।

## खबर संक्षेप



### नेहरू आर्ट गैलरी में गौतम की चित्रकला प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में चित्रकार गौतम सील की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव द्वारा किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण वीसी शेखर, वीके ओगले, अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशान्त तिवारी, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा सहित आर्ट्स क्लब के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने चित्रकार गौतम सील की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि प्रदर्शनी में लगे प्रत्येक चित्रकला में कलाकार की रचनात्मकता और विचारशीलता झलकती हैं। श्री गौतम सील द्वारा चित्रित दीवारों पर सजे विभिन्न शैलियों और तकनीकों के चित्र अपनी कहानियाँ कहते प्रतीत होते हैं। चित्र अपनी सूक्ष्म रेखाओं और जटिल विवरणों से मोहित करते हैं। कहीं प्रकृति का शांत चित्रण है, तो कहीं अमूर्त कला है।

## 31 करोड़ 96 लाख 66 हजार रुपए से होगा विकास, बजट बैठक में पारित

# जामुल में बनेगा शॉपिंग काम्प्लेक्स मुक्तिधाम की भी बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में बुधवार की दोपहर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने लाभ का बजट पेश किया। जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए 31 करोड़ 96 लाख 66 हजार रुपए का प्रावधान रखा गया है। जामुल पालिका क्षेत्र में नए सत्र में शापिंग कॉप्लेक्स, मुक्तिधाम की तस्वीर बदलने समेत अन्य विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 25 लाख 82 का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा तालाब सौंदर्याकरण, पुष्प वाटिका, खेल मैदान, सर्व समाज मांगलिक भवन, आश्रय स्थल, सामुदायिक भवन, कांजी हाऊस, लाईब्रेरी समेत अन्य भवनों, नाली निर्माण, सार्वजनिक प्रकाश, विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, सांसद निधि, विधायक निधि, शेड, चबुतरा, एस.एल.आर.एम. सेन्टर के लिए मशीनरी क्रय, टैंकर, सार्वजनिक शौचालय आदि कार्य किए जाएगें। राजस्व व्यय के अंतर्गत वेत्तन, भत्ता, जीपीएफ ईपीएफ आदि के लिए 2 करोड़ 92 लाख 48 हजार, स्टेशनरी, टेलीफोन, अंकेक्षण शुल्क, कानूनी प्रभार कार्यालय रख-रखाव, ईंधन, तकनीकी शुल्क, विज्ञापन और प्रचार-प्रसार विपदा प्रबंधन के लिए 1 करोड 16 लाख 97 हजार, विद्युत देयक, मरम्मत, रख-रखाव, सफाई सामग्री, चिकित्सा शिविर, जल प्रदाय बोरवेल्स के लिए 1 करोड़ 75 लाख 83 हजार, पेंशन, परिवार सहायता, श्रद्धांजली योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन क्लीन सिटी आदि के लिए 14 करोड़ 19 लाख 15 हजार व्यय का प्रावधान है। इस दौरान बजट में विधायक डोंमनलाल कोर्सेवाडा ,प्रतिनिधि सतीश साहू समेत उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षद रेखराम बंछोर, चुम्मन वर्मा, सरोजनी चंद्राकर, खम्मन ठाकुर,दीपक गुप्ता , सीमा यादव, शांति समेत सीएमओ सीमा बख्शी मौजूद थी।

### अध्यक्ष ने पेश किया लाभ का बजट




### इनका का भी है प्रावधान

जामुल पालिका क्षेत्र में राजस्व आय में सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, निर्यातकर ,शिक्षा उपकर शुल्क अन्य कर से राशि 5 करोड़ 3 लाख 75 हजार, चुंगी क्षतिपूर्ति, मुद्रांक शुल्क, बार लायसेंस शुल्क, मनोरंजन कर, उत्पाद 2 करोड़ 2 लाख 93 हजार, दुकान, भवनों का नीलामी, किराया, विकास शुल्क, लायसेंस, अनुज्ञाप्ति शुल्क, यूजर चार्ज, प्रपत्र विक्रय शुल्क 1 करोड़ 36 लाख 57 हजार, एनयूएलएम, मिशन क्लीन सिटी, श्रद्धांजली योजना, पेंशन, परिवार सहायता राशि, पीएम आवास योजना 9 करोड़ 98 लाख 47 हजार। अन्य आय से 89 लाख 54 हजार का प्रावधान रखा गया है।

# भिलाई-चरोदा की सुशासन तिहार में दिया ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- गर्भवती महिलाओं को किट वितरण की

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदे में सुशासन तिहार 2025 कार्यक्रम के तीसरे चरण बुधवार को शुरु हुआ। जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा निर्धारित की गई समय-सारणी के मुताबिक भिलाई चरोदा निगम के 40 वार्डों के लिए 4 शिविर आयोजित किया गया। वार्ड 1 से लेकर वार्ड 6 तक के लिए उमदा सामुदायिक भवन में समाधान शिविर हुआ। पूर्व में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के मध्य प्राप्त मिले आवेदन के निराकरण की स्थिति से आवेदको को अवगत कराया गया।

उमदा समाधान शिविर में महिला बाल विकास विभाग की ओर से मौजूद अमले द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं के द्वारा 6 माह पूर्ण शिशुओं के अन्नप्राशन का कार्य भी संपन्न कराया गया। सभी विभाग के प्रतिनिधियों ने मंच से अपने विभाग से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी से हितग्राहियों को अवगत कराया गया है। वही स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 से उपस्थित स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा नव विवाहित 3 दंपत्तियों को नई पहल किट प्रदान किया। शिविर में पहुंचे लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण रक्तचाप, शुगर चेक किया गया। परिवहन विभाग क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के द्वारा शिविर में 20 जनों की ड्रायविंग लाईसेंस बनाकर दिया गया। लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर द्वारा 3 नये आधार पंजीयन,28 आधार अपडेट कराया गया। शिविर में शासकीय आयुर्वेद औषधालय भिलाई तीन के द्वारा 17 मरीजों को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि दवा का वितरण भी किया।

### ये अधिकारीगण भी मौजूद थे

निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत, अनुविभागीय दंडाधिकारी महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार भिलाई तीन चन्द्रशेखर कंवर, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश, खनिज विभाग, विद्युत विभाग, आयुष्मान विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग के प्रतिनिधिगण शिविर में मौजूद थे। समाधान शिविर 14 मई को मंगल भवन भिलाई तीन में आयोजित होगा। जिसमें वार्ड-07 से वार्ड-18 के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी।

# निगम ने नाले के ऊपर से हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सुशासन तिहार में दर्ज शिकायत नाला के उपर तार जाली लगा किये गये अवैध कब्जे तथा शासकीय भूमि में झोपड़ी बना कर किये कब्जे को जेसीबी से बेदखल किया गया।

शासन की महत्वकांक्षी योजना सुशासन तिहार में वार्ड 23 घासीदास नगर हाऊसिंग बोर्ड बुद्ध विहार से सूर्य कुण्ड तक नाले के ऊपर वहां के रहवासियों द्वारा तार तथा लोहे की जाली लगा कर अवैध कब्जा किया गया था। जोन दो के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर तथा जोन आयुक्त यशा लहरे के अनुमोदन पश्चात नाले के उपर के अवैध कब्धारियो को नोटिस देकर पर्याप्त अवसर प्रदान करते हुए बुधवार को नाले के उपर किये अवैध कब्जे को जे. सी. बी. से हटाया गया। इसी प्रकार सुन्दर विहार कालोनी शिवधाम के पास कुरूद में शासकीय भूमि आम रास्ते को झोपडी बना कर बाधित किये जाने कि कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर झोपडी को ध्वस्त कर रास्ता खोला गया।

# अहिवारा से निकली सीमेंट को सुपरवाइजर ने दूसरे जगह बेचा, आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- नंदिनी पुलिस ने किया कार्रवाई

जेके लक्ष्मी सीमेंट से सीमेंट को गबन करने वाले सुपरवाइजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने

धारा 316(4), 3(5) बीएनएस जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि जैन ट्रांसपोर्ट के माध्यम से इमरान पारिक को किराये का वाहन चालक जय प्रकाश यादव ट्रक सीजी 06 जीक्यू 7201 में 35 एमआई 700 बैग सीमेंट को वर्धा वेयर हाउस महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। वहीं बुसरा मोकाती के किराये का वाहन चालक जागीर अली द्वारा ट्रक सीजी 15 डीसी 7860 में 30 एमटी 600 बैग सीमेंट को कापसी वेयर हाउस महाराष्ट्र के लिये निकला। सीमेंट की कीमत 5 लाख 85 हजार रूपये आंकी गई। सीमेंट को अहिवारा स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी से ट्रको में सीमेंट लोड होकर रवाना हुआ। लेकिन ठगी कर नंदनी नगर निवासी सुपरवाइजर किशोर कुमार कौशल ने सीमेंट को दूसरे जगह बेच दिया। पुलिस विवेचना पर पता चला कि उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनी का सुपरवाईजर किशोर कुमार कौशल की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के निशादेही पर 1300 बैग सीमेंट बरामद किया।

# मकान से नकदी 45 हजार पार

- शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज
- प्रार्थी शादी कार्यक्रम में गए थे

**भिलाई।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि लेबर केम्प जामुल निवासी लखन लाल मेश्राम किराना दुकान चलाता है। 5 मई की सुबह ग्राम खपरी जिला धमतरी शादी कार्यक्रम में परिवार समेत गए थे। वापस अपने घर आया सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। दरवाजा का ताला भी टूटा पड़ा मिला। आलमारी से 45 हजार रुपए नगदी गायब मिला। आसपास पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। घटना की शिकायत पुलिस में किया गया। खबर लिखे जाने तक चोर पुलिस पकड़ से बाहर है।

# स्कार्पियो ने बाइक को ठोका सवार तीन नाबालिग गंभीर



**भिलाई।** तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बुधवार देर रात बाइक को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में बाइक में सवार तीन नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी दी जिस पर मोहन नगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग में दाखिल कराया गया, जहां तीनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्कॉर्पियो सीजी 08 एआर 8822 ने बाइक सीजी 07 एल 5953 में तीन नाबालिग सवार होकर ग्रीन चौक दुर्ग के पास पीछे से ठोकर मार दी। स्कार्पियो चालक की लापरवाही के कारण हादसा होना बताया जा रहा है। स्कार्पियो चालक राजनांदगांव निवासी चूनामणि साहू है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन को जब्त किया है। तीनों घायलों की जानकारी परिजन तक पहुंचाने में पुलिस लगी हुई है। पुलिस को स्कॉर्पियो में भारी मात्रा में शराब की बोतलें मिलीं हैं। संदेह जताया जा रहा है कि चालक नशे की हालत में होगा और घटना को अंजाम दिया होगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



युद्ध का फैशन


**लाइव इवेंट**

## व्यापमं ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर, 1 फरवरी को होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने साल 2026 में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें साल 2026 में मार्च तक होने वाली परीक्षाओं की तारीख बताई गई है। कहा जा रहा है कि इसके बाद कुछ अन्य परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किया जाएगा। व्यापमं की ओर से जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 8 परीक्षाओं की संभावित तारीख दी गई हैं, इसमें संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, छग पर्यावरण मंडल, एससीईआरटी, एनआरडीए, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग व जल संसाधन विभाग की भर्तियों व पात्रता परीक्षाओं का टाइम टेबल है। एक परीक्षा इसी साल अगस्त में होगी। परीक्षा फार्मासिस्ट ग्रेड-2 की होगी। बाकी परीक्षा जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षाओं में केमिस्ट की 11 जनवरी, शिक्षक पात्रता परीक्षा की 1 फरवरी, उप अभियंता की 8 अगस्त, डीटीपी ऑपरेटर की 1 मार्च, मेकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन की 8 मार्च, सहायक मानचित्रकार की 15 मार्च, प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-2 की 22 मार्च की परीक्षाएं शामिल हैं। जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यापमं की ऑफिशियल वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर भी लॉग कर सकते हैं।

**सिटी इवेंट**

## गार्डनिंग एंड फ्लोरीकल्चर व बुके मेकिंग में विद्यार्थियों का दिखा उत्साह



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको में वनस्पति विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्किल एनहैंसमेंट पाठ्यक्रम गार्डनिंग एंड फ्लोरीकल्चर के तहत फ्लोरल अरेंजमेंट एवं बुके मेकिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के बारे में डॉ नीना बागची ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रयोगात्मक एवं उद्यमिता कौशल के विकास के साथ-साथ गार्डनिंग एवं फ्लोरीकल्चर के संप्रत्यय, फ्लोरल अरेंजमेंट, उपकरणों एवं तकनीकी को समझना तथा इससे संबंधित कौशल का विकास करना कार्यशाला में बताया गया। इस दौरान अरुण जेना व टीम सदस्य राज ने विद्यार्थियों को विभिन्न शैलियों और तकनीक को शामिल करते हुए पुष्प गुच्छ बनाने और रचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जेना ने पुष्प व्यवसाय को अपनाने के लिए विभिन्न कौशल के साथ संबंधित बिंदुओं जैसे ऑर्डर, लागत, विश्लेषण, समय निर्धारण, प्रबंधन, विपणन आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की।जिससे एक फ्लोरल डिजाइनर के रूप में विद्यार्थी अपने कौशल का विस्तार कर सके।

■ कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कार्यशाला में प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए फ्लैट, बास्केट, बंच गुलदस्ता का अवलोकन करते हुए कहा कि कार्यशाला में विद्यार्थियों साइप्रस, साइकस, पाम आदि वनस्पतियों एवं विभिन्न दुर्लभ पुष्पों की भी जानकारी प्राप्त की। फ्लोरल डिजाइन के प्रति अपने जुनून को करियर में परिवर्तित करने के लिए विद्यार्थियों के लिए यह कार्यशाला मिल का पत्थर साबित होगी। यह आयोजन रचनात्मकता को बढ़ावा देने तथा लोगों को प्रकृति से जोड़ने की एक विशेष पहल है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। कार्यशाला में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी मनसा,अमृता शर्मा, आदिति जैन ,पायल यादव बीसीए की छात्राएं भावना साहू, करुणा चौहान प्रियंका प्रियांश का विशेष योगदान रहा। अंत में अरुण जेना को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## हॉर्टिकल्चर स्टूडेंट्स लखनऊ के उन्नत किस्म के फल, सब्जियों पर करेंगे रिसर्च

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में बागवानी शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन ने नई पहल की है। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब लखनऊ स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सब्ट्रापिकल हॉर्टिकल्चर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर काम करेंगे। इस दौरान दोनों संस्थान के विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन, जैविक खेती, कीट प्रबंधन और आधुनिक तकनीक से खेती करने के तरीके सिखाए जाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए इंटर्नशिप, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग, प्रशिक्षण शिविर, सेमिनार, कांफ्रेंस का आयोजन संयुक्त रूप से किया जाएगा। विवि रजिस्ट्रार आरएल खरे का कहना है कि वहां से प्रशिक्षण लेने के बाद स्टूडेंट्स यहां के किसानों को प्रोडक्शन, एडॉप्शन, फसल की नई वैरायटी के बारे में अवगत कराएंगे जिसका फायदा यहां के किसानों को मिल सकेगा।

● देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आईआईटी भिलाई सहित देश के पांच आईआईटी के शैक्षणिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षमता बढ़ाने दी मंजूरी

# थर्ड जनरेशन के आईआईटी में अगले 4 साल में बढ़ेंगी 1400 सीटें, फिलहाल देशभर से आए 1100 स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाई

भिलाई आईआईटी देश का 23वां आईआईटी है। इसकी खासियत यह है कि यह थ्रीडी आईआईटी है, जिसे थर्ड जनरेशन आईआईटी भी कहा जाता है। यहां डिपार्टमेंट डिसीप्लिन प्रोग्राम भी शुरू किया जा चुका है। इसके साथ साथ छोटे कोर्स, डिप्लोमा कोर्सेस और सर्टिफिकेट कोर्सेस की भी पढ़ाई हो रही है। छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों के छात्र भी यहां मेरिट के आधार पर एडमिशन ले रहे हैं। आईआईटी के खुलने के बाद प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर डेवलप हुए हैं। इन सबके बीच बुधवार को देश के प्रधानमंत्री ने देश के 5 आईआईटी में सीटों में बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया है। खबर है कि आईआईटी भिलाई में 1400 सीटें अगले 4 सालों में बढ़ाई जानी है। वर्तमान में यहां 1100 स्टूडेंट्स बीटेक, एमटेक, एमएससी और पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं।





**भिलाई।** जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट बैठक में आईआईटी में सीटें बढ़ाए जाने की घोषणा की गई। इसमें आईआईटी भिलाई के कैम्पस के विस्तार के साथ ही तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के लिए नई सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा अब आईआईटी भिलाई में अधिक छात्रों को पढ़ाई का मौका मिलेगा। शैक्षणिक और आधारभूत संरचना के विस्तार को भी मंजूरी प्रदान की गई है। अगले चार वर्षों में देशभर के 6,500 से अधिक छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई का सपना पूरा कर सकेंगे। आईआईटी में सीटें बढ़ने के साथ शिक्षकों, कर्मचारियों और शोधकर्ताओं की भर्ती के साथ आसपास के इलाकों में आवास, परिवहन और अन्य सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। बता दें आईआईटी भिलाई की स्थापना 7 अगस्त 2016 को हुई। इसके दो साल बाद 2018 में आईआईटी का निर्माण भिलाई में शुरू हुआ। इससे पहले कैंपस कार्यालय रायपुर से ऑपरेट हो रहा था। बाद में इसे भिलाई में शिफ्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक चार वर्षों में पूरे देश में छात्रों के लिए 13,687 सीटें उपलब्ध होंगी, जो अभी 7,111 हैं। यानी 6,576 नई सीटों का इजाफा होगा। इसमें 1200 से ज्यादा भिलाई को मिलेंगी। देश के जिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता के विस्तार की स्वीकृति दी गई है। भिलाई के साथ-साथ आंध्र प्रदेश (तिरुपति), जम्मू-कश्मीर (जम्मू), कर्नाटक (धारवाड़) और केरल (पालक्काड़) के आईआईटी शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने 11,828.79 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है, जो साल 2025-26 से 2028-29 तक खर्च होगा। इसके अंतर्गत न केवल नई इमारतें और आधुनिक सुविधाएं बनाई जाएंगी, बल्कि 130 नए प्रोफेसर पदों का सृजन भी होगा, जिससे पढ़ाई और शोध का स्तर और मजबूत होगा। उद्योग अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नये अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाये जा रहे हैं।

### आईआईटी भिलाई ने अपनी रैंकिंग में किया सुधार, देश में 73वें नंबर पर

नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) ने 9 महीने पहले यानी 2024 में अपनी रिपोर्ट जारी की। इसमें बताया गया कि पिछले साल आईआईटी भिलाई का एनआईआरएफ रैंक 81 था, जो इस बार 73 हो गया है। इस तरह आईआईटी भिलाई ने अपनी रैंकिंग में 12 स्थान का सुधार किया है। आईआईटी भिलाई को 100 में 48.80 स्कोर दिया गया। संस्थान ने आने वाले साल में अंडर 60 तक रैंक लाने का दावा किया है। टॉप में मद्रास आईआईटी रहा। उसका स्कोर 89.46 रहा। इस तरह आईआईटी भिलाई ने देश के सौ शिक्षण संस्थानों के बीच अपना स्थान बनाया था। इस रैंकिंग से केंद्र सरकार से अनुदान मिलने में सुविधा होती है। आधारभूत संरचना का विकास करने के लिए भी फंडिंग होती है। इस तरह रैंकिंग सुधरने से संस्थान को आर्थिक लाभ होने के साथ बाहर से काम भी मिलते हैं। पांच आधारों पर तय की जाती है इंस्टीट्यूट्स की रैंक रैंकिंग तय करने के लिए कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज को पांच प्वाइंट्स के आधार पर आकलन किया जाता है।

## दुर्ग के स्काउटर्स ने दिखाया जलकी एडवेंचर केम्प में साहस, मिला सम्मान

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देश पर राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन जलकी सिरपुर में किया जा रहा है। 8 मई को शिविर का समापन होना है। शिविर में देवेन्द्र कुमार देवांगन विकासखंड सचिव धमधा के नेतृत्व में जिले के स्काउटर अनिल कुमार साहू डीपीएस दुर्ग, लोमन साहू सनशाइन स्कूल, ईश्वरी प्रसाद साहू सेजस अहिवारा, भुनेश्वर प्रसाद जंघेल हिंगनाडीह, रीतेश कुमार ताम्रकार सुभाष ओपन रोवर से शामिल हो रहे हैं।



शिविर आपदा के समय उपयोग में लाए जाने वाले कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपात स्थिति में हेल्थ सुविधाएं उपलब्ध कराने से लेकर इलाज के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, सचिव कैलाश सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चयन के लिए जिला संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार देशमुख, मुख्य आयुक्त जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट नीरज साहू, सरस्वती गिरिया, आयुक्त स्काउट बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, नंदु यादव ने शुभकामनाएं दी है।

## भिलाई के संगीता और विजेन्द्र वर्मा छंद रत्न से सम्मानित

**भिलाई।** वृन्दावन हाल रायपुर के सभागार में छंद स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के दस साहित्यकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुस्तक का भी विमोचन हुआ। विजेंद्र कुमार वर्मा भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत हैं। संगीता वर्मा आकाशवाणी रायपुर में कम्पीयर हैं। दोनों साहित्यकार पति पत्नी है। विजेंद्र कुमार वर्मा और संगीता वर्मा की कृति छत्तीसगढ़ी भाषा में जयकारी के रंग व त्रिभंगी छंद धारा का विमोचन हुआ। इस अवसर पर छग राजभाषा आयोग के सचिव अभिलाषा बेहार, वरिष्ट साहित्यकार व गीतकार रामेश्वर शर्मा, वरिष्ट साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा, छंद के छ के संस्थापक अरुण कुमार निगम मौजूद थे। दोनों ही पुस्तक छंद विधा में लिखी गई है। इस अवसर पर दोनों साहित्यकार को छंद रत्न से सम्मानित किया गया। त्रिभंगी छंद धारा पुस्तक त्रिभंगी छंद में लिखी गई है, जो त्रिभंगी छंद में लिखने वाली छतीसगढ़ के महिलाओंमें प्रथम महिला छंदकार होने का गौरव संगीता वर्मा को मिला है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से सभी जिले से पधारे साहित्यकार छंदकार गजलकार उपस्थित थे।



**नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में हुआ आयोजन**

## बाजार जाते समय घर लेकर जाएं थैला, प्लास्टिक यूज न करने बैनर पोस्टर लेकर निकाली जागरुकता रैली

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। ट्विनसिटी के नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। जहां महिलाओं ने बैनर, पोस्टर लेकर धूप में पैदल चलकर रैली निकाली और मार्केट के व्यापारियों व आम जनों को प्लास्टिक यूज न करने के लिए जागरुक किया।

बुधवार को नगर पालिक निगम भिलाई के पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट आदि स्थानों पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 चल रहा है, जिसके तहत भिलाई शहर को साफ-सुथरा बनाने निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी युद्ध स्तर पर मैदानी क्षेत्रों में कार्य कर रहे है।

लगातार देखने में आ रहा है कि सिंगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है। उसके बाद भी दुकानदारों, फल ठेला, कपड़ा व्यापारी, सब्जी बेचने वाले प्लास्टिक का उपयोग कर रहे है। उसी प्लास्टिक में सामग्री डालकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। जिसके लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को भिलाई के प्रमुख जगहों पर दुकान, फल ठेला, सब्जी बेचने वालों को सिंगलयूज प्लास्टिक मुक्त अभियान से जागरूक करने निर्देशित किया। जिसके तहत आज पावर हाउस के सभी मार्केट क्षेत्रों में रैली निकाली गई। जहां ग्राहकों को भी प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध और पर्यावरण के लिए हानिकारक सहित उसके दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए जागरुक किया।








इस दौरान उड़ान संस्था की अध्यक्ष अंजू साहू और उनकी टीम ने प्लास्टिक यूज कर जहां तहां फेंकने से जानवरों व मनुष्यों को होने वाले नुकसानों की जानकारी दी। साथ ही इससे बिमारी फैलने और जानवरों की मृत्यु का कारण बनने के बारे में बताया और बाजार जाते समय घर से बैग या थैला ले जाने के लिए लोगो को जागरूक किया।

जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, डेंगू, मलेरिया टीम से सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक यादव, स्वच्छ भारत मिशन पीआईयू अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, उड़ान संस्था अध्यक्ष अंजू साहू, हेम कुमार, दुकालू, राजेश कुमार डहरे, सुपरवाइजर यश कुमार, मनीष सहित अनेक सेवाभावी लोग उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव की मनाई गई जयंती



**भिलाई।** सेवादल के संस्थापक डॉक्टर नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में भिलाई पावर हाउस कैंप -2 में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर हार्डिकर का पूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर हार्डिकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम गीत के साथ की गई। इस अवसर पर भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डी कामराजू मुख्य रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद गुप्ता ने डॉक्टर हार्डिकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और आजादी के बाद भी उनका बनाया संगठन सेवादल देश की सेवा में लगा हुआ है हम उनके बताएं मार्गों पर चले यह हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल के प्रदेश सचिव अनिल सिंह एवं आभार व्यक्त बलदेव मेहरा ने किया और समापन जन गण मन गान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद दुर्गा प्रसाद साहू, जी राजू, सुरेश यादव, बी शेखर, रामप्रसाद, रामायण यादव, महेश कुमार, अमित सिंह, अजय गौतम, सरवन कुमार, शुभम तिवारी, अनूप तिवारी, डॉ ए के यादव, विनोद अग्रवाल, कृष्णा देवांगन, दिनेश जयसवाल, निलिमा, कृति सिंह, पूजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

■ डॉक्टर नारायण सुब्बाराव हार्डिकर के संदेशों को किया याद

● आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के तीसरे दिन वेद और शास्त्रों का प्रमाण सहित बताया

# भगवद् कृपा के बिना भगवान को नहीं जाना जा सकता, मन से गुरु का स्मरण करते हुए भक्ति रूपी पुरुषार्थ करें: धामेश्वरी देवी

**भिलाई।** जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी के दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, अनुष्ठा रेसीडेंसी, जुनवानी खम्हारिया रोड स्मृति नगर में आयोजित किया गया है। जहां काफी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। प्रवचन श्रृंखला के तीसरे दिन धामेश्वरी देवी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि बुद्धि से भगवान को जाना नहीं जा सकता, परंतु यदि किसी पर भगवान की कृपा हो जाये और भगवान की बुद्धि (दिव्य शक्ति) उसे मिल जाये, तो साधारण मनुष्य भी भगवान को जान सकता है। देवी ने कथा के दौरान कहा कि भगवद् कृपा के बिना भगवान को नहीं जाना जा सकता। किन्तु भगवान की कृपा के सिद्धांत का मतलब यह नहीं कि सब कुछ भगवान ही करेगा, हमें भी कर्म करने की आवश्यकता है। कर्म का मतलब है प्रमुख रूप से मन से हरि गुरु का स्मरण एवं उनकी मानसिक सेवा, यह भक्ति रूपी पुरुषार्थ है।



### ईश्वर तभी कराएगा जब हम परिश्रम करेंगे

बहुत से लोग भगवान की कृपा का गलत मतलब लगाते हैं कि सब कुछ ईश्वर ही कराता है। ईश्वर तभी कराएगा जब हम परिश्रम करेंगे। किन्तु कोई कितना भी परिश्रम करे भगवान की कृपा पाने के लिए शर्त होती है। वो शर्त क्या है, वो आगे प्रवचन में बताया जायेगा। प्रवचन के अंत में श्री राधाकृष्ण युगल सरकार की आरती के साथ तीसरे दिन का समापन हुआ। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 14 मई तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। जहां श्रद्धालु प्रतिदिन ईश्वर की भक्ति का मार्ग और उनका सानिध्य पाने आध्यात्मिक प्रवचन का रसपान करने पहुंच रहे है।



### भगवान को पाने के लिए मिला मनुष्य देह

जब भगवान की भक्ति का नंबर आता है तो मनुष्य बहाना बनाता है कि मेरे भाग्य में नहीं लिखा है या तो समय नहीं आया है या तो ईश्वर की इच्छा नहीं है। इसका मतलब यह है भगवान की इच्छा से ही मनुष्य देह मिलता है और मनुष्य देह केवल भगवान को पाने के लिए ही मिलता है क्योंकि चौरासी लाख योनियों में पशु-पक्षी, कीट-पतंग भगवान को नहीं जान सकते हैं तो इसीलिए मनुष्य देह भगवान देते हैं और जब तक हम भक्ति रूपी पुरुषार्थ नहीं करेंगे, हमारा भाग्य भी अच्छा नहीं हो सकता। भाग्य को अच्छा स्वयं को बनाना पड़ता है, वो पुरुषार्थ से परिश्रम से होगा। भगवान हमें पुरुषार्थ को करने के लिए मार्ग बताएँगे किन्तु मनुष्य को स्वयं ही पुरुषार्थ करना है और उसी पुरुषार्थ से भगवान की कृपा होगी।



**हेल्थ लाइव**

## होमियोपैथी उत्सव में पंचायत स्तर पर क्लीनिक खोलने दिये सुझाव



**भिलाई।** होमियोपैथिक चिकित्सकों द्वारा होमियोपैथ के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन का 270 वाँ जन्म दिवस विश्व होमियोपैथी उत्सव 2025 के रूप में नेहरू नगर भिलाई में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्ग सांसद विजय बघेल दवरा डॉ सैमुअल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से डॉ गौरीशंकर विशेष रुप से उपस्थित थे। इस वर्ष होमियोपैथी दिवस की थीम अध्ययन, अध्यापन व अनुसंधान रखी गई है। इस पर चर्चा की गई। सासंद ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन में होमियोपैथी से मिलने वाले लाभ की चर्चा की और भिलाई- दुर्ग क्षेत्र में होमियोपैथी के विकास के लिए उपस्थित डॉक्टर्स की मांगो को पूरा करने आश्वासन दिया। डॉ लक्षप्रद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ हैनीमैन होमियोपैथी के जनक है जिन्होंने सन 1790 में बहुत ही सरल व सुगम चिकित्सा पद्धति का परिचय संसार को कराया। इनका अनुसंधान आज 148 देशों की जनता की सेवा कर रहा है। डॉ लक्षप्रद ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ अंचल में होमियोपैथी चिकित्सा घर घर तक पहुंचे इसके किए सरकार को पंचायत स्तर पर क्लीनिक खोलना चाहिए। भविष्य में होमियोपैथी के चिकित्सक उपलब्ध हो इसके लिए एक शासकीय होमियोपैथिक कॉलेज का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम में लखनऊ से विशेष रुप से उपस्थित डॉ गौरीशंकर ने बताया कि इस वर्ष विश्व होमियोपैथी दिवस की थीम है अध्ययन अध्यापन व अनुसंधान रखी गई है। उन्होंने होमियोपैथी नियमावली संबंधी आर्गेनान पर की गहन चर्चा की। अंत में डॉ गौरीशंकर को शॉल, श्री फल एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ लक्षप्रद, डॉ रानू नांदुरकर, डॉ सुभाष राजपाल, डॉ हिमांशी भाटिया, डॉ लीना व्होरा, डॉ दिलीप देवांगन, डॉ राजश्री मिश्रा, डॉ सर्वश्री नांदूरकर, डॉ अनुराधा, डॉ अंजली, डॉ पी पी सिंग, डॉ सत्यजीत ठाकुर, डॉ राकेश राठौड़, उमेश चितलांगे, शशि सिंह, दास मानिकपुरी सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।



**चेम्बर पदाधिकारियों का सम्मान**

## व्यापारियों के हित में कार्य करने चेम्बर की महत्वपूर्ण भूमिका, हुआ स्वागत





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री अजय भसीन और उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंत्री मनोहर कृष्णानी का सम्मान लिंक रोड के व्यापारी दिलीप पवानी के नेतृत्व में सभी व्यापारियों के साथ किया गया। इस अवसर पर गार्गी शंकर मिश्र ने कहा कि भिलाई चेम्बर की टीम का टीम वर्क छत्तीसगढ़ में उसे मजबूती प्रदान करता है। इस दौरान अजय भसीन ने कहा कि लिंक रोड के व्यापारियों ने हमेशा चेम्बर के कार्यक्रम में अपनी पहचान बनाई है आगे भी व्यापारी हित में काम करने की जरूरत होगी तो चेम्बर की भूमिका अग्रणी रहेगी। इस अवसर पर व्यापारियों ने प्रधानमंत्री मोदी को आपरेशन सिन्दूर की सफलता के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके हर फैसले पर सारा देश एक साथ रहकर अपने भारतीय होने के कर्त्तव्य पर गौरवान्वित महसूस करेगा। इस अवसर पर सभी ग्राहकों को मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान प्रेम रत्न गहलोत, जयराम गेहानी, पवन जिंदल, मनोज माखीजा, सुनील मिश्रा, रितेश अग्रवाल, कृपाल बजाज, चिन्ना राव, रामचंद्र चुंगानी, अनिल अग्रवाल, खिलू होतवानी, निरंकार सिंह, दीपक रावलानी, अखराज ओस्तवाल, विक्की गेहानी, भूषण अदलखा, मनीष सत्यानी, सुधाकर शुक्ल, गोपीराज पवानी, शिवराज शर्मा, मोहनलाल कुकरेजा, विशाल छाबड़ा, मनोहर लाल धनानी, जय जिंदल, रोहित पवानी सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

**राज्यपाल से हुए सम्मानित**

## दीक्षांत समारोह में शिक्षक अखिलेश को चित्रकला में मिला स्वर्ण पदक



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई के शिक्षक अखिलेश कश्यप को राजा मानसिंह तोमर कला एवं संगीत विश्विद्यालय के ललित कला संकाय में स्नातकोत्तर की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया है। पर्यावरण मित्र सियाराम कश्यप के पुत्र अखिलेश कश्यप वर्तमान में श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई में चित्र कला शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, दत्तोपंत ठेंगडी सभागार ग्वालियर में आयोजित छठवें दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में उन्हें राजा मानसिंह तोमर कला एवं संगीत विश्विद्यालय के ललित कला संकाय में स्नातकोत्तर की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रख्यात चित्राकार स्वर्गीय वासंती जोशी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किय गया। शिक्षक अभिषेक को स्वर्ण पदक मिलने पर पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोगो ने उन्हें बधाई दी है।

**पर्यावरण मित्र मंडल ने दी बधाई**



## भिलाई वेलफेयर सोसाइटी महिलाओं और युवतियों को दे रहा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण



**भिलाई।** भिलाई वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निःशुल्क संचालित मॉडर्न सिलाई प्रशिक्षण केंद्र सोसायटी के कार्यालय ईदगाह चौक फरीद नगर में महिलाओं और युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोसायटी के उपाध्यक्ष अजहर अली एडवोकेट ने बताया कि शुरुआत में यहां 20 महिलाओं ने प्रशिक्षण के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। 5 मई से रोज सुबह 11 बजे से कक्षाएं शुरू हो गई हैं। मॉडर्न सिलाई प्रशिक्षण केंद्र जुनवानी रोड, ईदगाह चौक भिलाई में स्थित है जहां सभी लोगों को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं व युवतियां प्रवेश लेकर सिलाई का प्रशिक्षण ले सकती है।

**बालक वर्ग में पारस और बालिका वर्ग में श्रेष्ठा, मयूरिका व परिधि बनी विजेता**

**कार्नर न्यूज**

## जिला मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत, राज्य स्तरीय स्पर्धा में लेंगे हिस्सा

**भिलाई।** जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के बालक वर्ग में पारस, आकांक्षित, शिल्पावम अभिनव और बालिका वर्ग में श्रेष्ठा, मयूरिका, मानस्वी परिधि विजेता बनी। कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप में जिले के कुल 113 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चैंपियनशिप में चयनित होने वाले दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए हुआ। जो 15 मई से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित की जाएगी। जिला चैंपियनशिप में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। सभी वर्ग के भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन और जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्या निधि शर्मा, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अंतराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रौनक जमाल, अंतरास्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन विशेष रुप से उपस्थित थे।



### मुकाम हासिल कर आगे बढ़े और देश व समाज का नाम रौशन करे

मुख्य अतिथि निधि शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों और भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपमें से कोई विश्वनाथ आनंद, डी मुकेश जैसा मुकाम हासिल कर आगे बढ़े और देश व समाज का नाम रौशन करे। कैलाश जैन बरमेचा ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल में हार जीत लगे रहती है। हार से मायूस न होकर खिलाड़ी इससे प्रेरणा लेकर आगे अपने प्रदर्शन में सुधार लाए। विशेष अतिथि डॉ रौनक जमाल ने भी भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। उपस्थित अतिथियों का स्वागत संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, अनिल शर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, त्रिलोक सोनी, शेख लतीफ, मोहन सिन्हा ने किया। टूर्नामेंट में अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े और फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन डिप्टी चीफ आर्बिटर थे। सहायक आर्बिटर के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा, शेख लतीफ, विक्रम सिंह, आशुतोष चावरे, चंदन विश्वकर्मा थे। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ के सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

### यह रहे विजेता

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडर 7 के बालक वर्ग में प्रथम स्थान पारस यादव 5.5 अंक, द्वितीय अव्यव बिचपुरिया 5 अंक, अंडर 7 के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान श्रेष्ठा भारद्वाज 3 अंक, द्वितीय शांभवी सिंह 3 अंक, अंडर 9 बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकांक्षित साहू 5.5 अंक, द्वितीय तुषार यादव 5 अंक, बालिका वर्ग में प्रथम मयूरिका मान्या 4 अंक, द्वितीय आशरिया शर्मा 3 अंक, अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम शिल्प कुमार घोड़ेसवार 5.5 अंक, द्वितीय वी विराट अय्यर 5 अंक, बालिका वर्ग में प्रथम मानस्वी शर्मा 3.5 अंक, द्वितीय शानविका उदवाला अंडर, 13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अभिनव सिंह राजपूत 5 अंक, द्वितीय गुणवंत साहू, बालिका वर्ग में प्रथम परिधि लिलहरे 6 अंक, द्वितीय स्थान काशवी जैन 4.5 अंक ने प्राप्त कर राज्य मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप बेमेतरा के लिए चयनित हुए। सभी चयनित खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कोंडागांव की रंजीता ने छत्तीसगढ़ को दिलाया पहला स्वर्ण पदक



**रायपुर।** 7वां खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 06-15 मई पटना (बिहार) में चल रहा है। जिसमें जूडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में प्रदेश के कोंडागांव जिले की रंजीता कुरेटी ने 52 किग्रा वजन वर्ग में हिमांचल, महाराष्ट्र, दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर कर फाइनल में मध्यप्रदेश की नैंसी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और छत्तीसगढ़ को पहली स्वर्णिम सफलता दिलाई।

जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष एवँ प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि राज्य निर्माण पश्चात खेलों इण्डिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

श्री मेमन एवँ श्री द्विवेदी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र की रंजीता इस साल जनवरी में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतु चयनित हो चुकी है। रंजीता का यह प्रदर्शन निश्चित रूप से सराहनीय है।

उल्लेखनीय है कि अन्तराष्ट्रीय निर्णायक छत्तीसगढ़ पुलिस के शेख शरीफ़ उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रंजीता की उपलब्धि पर प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, बस्तर जूडो संघ के अब्दुल मोइम,परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर की शानदार जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी 20 टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। बुधवार को फायनल मुकाबला बिलासपुर विरुद्ध बी.सी.ए. के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 30 रन तथा मोहित राउत ने 29 रन बनाये। बी.सी.ए. की ओर से शुभम सिंह ने 3 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 2 विकेट प्राप्त किये। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी.सी.ए. ने 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच टाई रहा। बी.सी.ए. की ओर से अमरीश कुमार सिंह 41 रन तथा आनन्द राव ने 39 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव 3 विकेट, प्रवीण कुमार यादव 2 तथा मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। सुपर ओवर बी.सी.ए. ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 0.4 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 2 रन बनाये। बी.सी. ए. की ओर से संजीत देसाई ने 1 रन नाबाद तथा आनन्द राव ने 1 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। 3 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ने 0.3 ओवरों में बिना विकेट गवाए 5 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिलासपुर की ओर से मोहित राउत 4 रन नाबाद तथा मोहम्मद इरफान ने 1 रन बनाया। बिलासपुर ने सुपर ओवर में जीत हासिल की।

### रविशंकर शुक्ल विवि के समर कैंप में जारी है खेल प्रशिक्षण



**रायपुर।** शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला एवं स्पोर्ट्स क्लब, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 30 अप्रैल से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है। शिविर में अब तक लगभग 70 बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और विभिन्न खेलों व शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन अभी भी किया जा सकता है। जिसमें एरोबिक्स एवं योग / आत्मरक्षा खेल (कराटे, जूडो, कुश्ती) के लिए मेघा श्रीवास्तव एवं उपासना विश्वकर्मा, व्यायाम, क्रिकेट, खो-खो के लिए अनुपम कुमार सिंह और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल के लिए राहुल कुमार पासवान, फिजियोथेरेपी परामर्श के लिए डॉ. एन.एम. घोष से संपर्क किया जा सकता है।

---

8 करोड़ से अधिक को है डायबिटीज की शिकायत


# भारत में डायबिटीज अपने पांव पसार चुका, लेकिन आज भी लोग कुछ अफवाहों को मानते आ रहे हैं सच

भारत में 80 मिलियन से अधिक लोग डायबिटीज रोगी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा।

### क्या आपको डायबिटीज के बारे में सही जानकारी है?

भारत में डायबिटीज (मधुमेह) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। भारत को ₹डायबिटीज की राजधानी₹ भी कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हैं। भारत में इसके 80 मिलियन (8 करोड़) से अधिक रोगी हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा।

डायबिटीज के लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अक्सर इसे उम्र बढ़ने से संबंधित बीमारी के रूप में देखा जाता है, पर मधुमेह की समस्या बहुत कम आयु वालों को भी हो सकती है। यदि आप शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, आहार में प्रोसेस्ड-फास्ट फूड्स की मात्रा अधिक है या फिर परिवार में पहले भी कुछ लोगों को मधुमेह की समस्या रही है तो इसका जोखिम आपमें भी हो सकता है।



### मिथ- अधिक मीठा खाते हैं तो डायबिटीज हो सकता है

मीठी चीजें या आहार में कार्बोहाइड्रेट की अधिकता डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती है। हालांकि सिर्फ यही मधुमेह का कारण नहीं है। कई जोखिम कारक और भी हैं जो आपमें टाइप-2 मधुमेह के खतरे को बढ़ा देते हैं। यदि आपका वजन अधिक है, शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, प्रीडायबिटीज की समस्या है या मधुमेह का पारिवारिक इतिहास रहा है तो ये स्थितियां भी आपमें डायबिटीज का कारण हो सकती हैं।

### मिथ- डायबिटीज हो गया है तो फल नहीं खा सकते



अक्सर फल, स्वाद में मीठे होते हैं और यह अवधारणा रही है कि मधुमेह से पीड़ित लोगों को मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए। मधुमेह वाले लोग फल नहीं खा सकते हैं, असल में यह पूरी तरह से सही नहीं है। फलों में प्राकृतिक शर्करा होती है, पर ये फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक खनिजों से भरपूर भी होते हैं। इसलिए जिन फलों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 50 से कम हो उनका सेवन किया जा सकता है। खट्टे फल, डायबिटीज में खाए जा सकते हैं।

### मिथ-सिर्फ उम्र बढ़ने पर ही होता है डायबिटीज

डायबिटीज से जुड़ा एक मिथ यह भी रहा है कि यह सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या है। पर डॉक्टर्स बताते हैं जिस तरह से लोगों में लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी देखी जा रही है, उसने कम उम्र वालों में भी इसका जोखिम बढ़ा दिया है।



30 से कम आयु वालों को भी डायबिटीज की समस्या हो सकती है। वहीं टाइप-1 डायबिटीज का खतरा बच्चों में अधिक होता है। यह किसी भी उम्र वालों को प्रभावित करने वाली बीमारी है।

### मिथ- परिवार में किसी को डायबिटीज नहीं था तो इसका खतरा नहीं

मधुमेह के लिए पारिवारिक इतिहास होना एक प्रमुख जोखिम कारक रहा है, पर बिना फैमिली हिस्ट्री वालों में भी यह बीमारी हो सकती है। यदि आपकी अस्वास्थ्यकर जीवनशैली की आदतें हैं, भले ही परिवार में किसी को डायबिटीज नहीं रहा है तो इसका जोखिम आपको भी हो सकता है। सभी उम्र को लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए लगातार प्रयास करते रहने की सलाह दी जाती है।

---



## खरीदें मां के लिए पसंदीदा खास तोहफा, मदर्स डे पर करें गिफ्ट

अगर आपका बजट 500 रुपये के अंदर है और आप मदर्स डे पर अपनी मां को एक प्यारा सा गिफ्ट देना चाहते हैं तो यहां आपको कुछ बेहतरीन और सस्ती गिफ्ट आइडियाज बताए जा रहे हैं, जो मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।

मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इस साल मदर्स डे 11 मई 2025 को मनाया जा रहा है। मदर्स डे मां के मातृत्व को सम्मान देने, हमारे जीवन में उनकी भूमिका और योगदान की सराहना करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां को खास महसूस कराने का प्रयास करते हैं। बच्चे मां की ममता और प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। इसके लिए कई छोटे- छोटे प्रयास करते हैं, जैसे मां को सरप्राइज देकर, उनके लिए पार्टी आयोजित कर सकते हैं या तोहफा दे सकते हैं। मां के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

अगर आप अपनी मां को स्पेशल महसूस कराना चाहते हैं तो मदर्स डे के लिए खास तोहफा जरूर ले आएं। हालांकि मां अपने बच्चों से किसी महंगे तोहफे की ख्वाहिश नहीं रखती हैं, ऐसे में आप अपने बजट में तोहफा ले सकते हैं। अगर आपका बजट 500 रुपये के अंदर है और आप मदर्स डे पर अपनी मां को एक प्यारा सा गिफ्ट देना चाहते हैं तो यहां आपको कुछ बेहतरीन और सस्ती गिफ्ट आइडियाज बताए जा रहे हैं, जो मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।



### खूबसूरत कप या मग

मदर्स डे पर मां को कोई ऐसा तोहफा देना चाहते हैं जिसे देखते ही उन्हें आपकी याद आ जाए तो स्पेशल मग या कप गिफ्ट में दे सकते हैं। कप पर मां की फोटो या प्यारा सा मैसेज प्रिंट करवा सकते हैं। रोजाना जब वह चाय या कॉफी पिएंगी तो आपके प्यार का अहसास होगा। कस्टमाइज्ड मग लगभग 200 से 400 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### सूती दुपट्टा या स्टोल

गर्मियों के मौसम में धूप और पसीने से राहत पाने के लिए मां को दुपट्टा या स्टोल दे सकते हैं जो कि हल्का और स्टाइलिश तोहफा होगा। यह मां के वॉर्डरोब में नया रंग भरने वाला गिफ्ट है जो कि कभी भी उनके काम आ सकता है। एक अच्छा दुपट्टा लगभग 300 रुपये तक आसानी से मिल जाएगा।

### हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड

मां को अपने हाथों से बना कोई खास तोहफा देना चाहते हैं तो उनके लिए ग्रीटिंग कार्ड बना सकते हैं। घर पर खूबसूरत सा ग्रीटिंग कार्ड बनाएं, जिसमें मां के लिए सुंदर सा संदेश लिख सकते हैं। चाहें तो फोटो कोलाज बनाकर भी गिफ्ट कर सकते हैं। एक ग्रीटिंग कार्ड या कोलाज बनाने में लगभग 100 से 300 रुपये का खर्च आ सकता है।

मां को घर में हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा लाने वाला तोहफा देना चाहते हैं तो इनडोर प्लांट गिफ्ट में दें। उन्हें तुलसी, मनी प्लांट या लकी लक बांस गिफ्ट कर सकते हैं।



---

# घर की छत पर टॉयलेट बनाना शुभ है या अशुभ, जरूर जानें



अक्सर आपने देखा होगा कि कई लोग घर के भीतर तो टॉयलेट बनवाते ही हैं लेकिन घर की छत पर भी टॉयलेट का निर्माण करवाते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि घर की छत पर टॉयलेट होना शुभ है या अशुभ।

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर का टॉयलेट बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यही वो स्थान है जिससे सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। ऐसे में घर के टॉयलेट से जुड़े वास्तु नियमों का पालन आवश्यक माना गया है। अगर इन नियमों का पालन न किया जाए तो इससे घर में बुरे प्रभाव दिखने लग जाते हैं। वहीं, अक्सर आपने देखा होगा कि कई लोग घर के भीतर तो टॉयलेट बनवाते ही हैं लेकिन घर की छत पर भी टॉयलेट का निर्माण करवाते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि ऐसा करना सही है या गलत, तो चलिए जानते हैं कि घर की छत पर टॉयलेट होना शुभ है या अशुभ।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की छत पर टॉयलेट बनाना अशुभ माना जाता है। छत घर का सबसे ऊपरी हिस्सा होता है और वास्तु शास्त्र में इसे महत्वपूर्ण माना जाता है। यह ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं से सीधा संपर्क स्थापित करता है। छत पर टॉयलेट बनाने से नकारात्मक ऊर्जा जो कि टॉयलेट से जुड़ी होती है इस सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकती है, जिससे घर में ऊर्जा का असंतुलन पैदा होता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, छत पर टॉयलेट बनाने से घर के सदस्यों को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। धन का आगमन बाधित हो सकता है और अनावश्यक खर्चे बढ़ सकते हैं। यह भी माना जाता है कि छत पर टॉयलेट की उपस्थिति घर के सदस्यों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां और शारीरिक कष्ट हो सकते हैं।

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर की छत पर टॉयलेट होने से नकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के कारण घर के सदस्यों में मानसिक तनाव, अशांति और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। घर का वातावरण नकारात्मकता से भर सकता है। छत पर टॉयलेट बनाने से अन्य वास्तु दोष भी उत्पन्न हो सकते हैं जो घर की सुख-शांति और समृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। यह घर की बाकी जगहों जैसे पूजा घर या रसोई के साथ ऊर्जा के टकराव का कारण बन सकता है।

---

## आप भी तो नहीं कर रहे हैं नकली चाय पत्ती का इस्तेमाल, ऐसे करें पहचान

क्या आप भी चाय में कर रहे हैं नकली पत्ती का इस्तेमाल? आप भी अगर इस बात का पता लगाना चाहती हैं, तो हम आपको कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप असली और नकली चाय पत्ती के बीच फर्क कर सकते हैं।



### टिशू पेपर से करें पहचान

आप टिशू पेपर की मदद से असली और नकली चाय पत्ती का पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको टिशू पेपर पर थोड़ी चाय पत्ती रखनी है। उसके बाद इसपर थोड़ा पानी डालें। अगर चाय पत्ती का रंग टिशू पेपर पर एकदम गाढ़ा आ जाए तो समझ जाइए चाय पत्ती में मिलावट है। असली चाय पत्ती में हल्का रंग आएगा।

### ठंडे पानी से करें टेस्ट

असली और नकली चाय पत्ती में अंतर करने का बेस्ट तरीका पानी वाली टेस्ट है। आप एक कांच के गिलास में ठंडा पानी लेना है और उसमें चाय पत्ती डालनी है। अगर आपकी चाय असली होगी तो उसका रंग पानी में धीरे-धीरे घुलेगा जबकि नकली चाय पत्ती पानी में डालते ही एकदम रंग छोड़ने लगेगी।

### स्मेल से करें पता

आप चायपत्ती की स्मेल से भी असली और नकली का पता लगा सकती हैं। आप थोड़ी सी चाय पत्ती को हथेली पर लेकर सूंघे। अगर चाय पत्ती में से अच्छी खुशबू आ रही है तो चाय असली है। आर्टिफिशियल चाय की महक आपको बहुत बेकार आएगी।

---

कार्नर न्यूज

जीवनशैली में बदलाव से आप खुद महसूस करेंगे ताजगी और स्फूर्ति

# अपने रूटीन और डाइट में छोटे-छोटे बदलाव कर दे सकते हैं बढ़ती उम्र को मात

लंबी उम्र जीना चाहती हैं? अगर आप भी लंबी उम्र तक जीना चाहती हैं और चाहती हैं कि हर उम्र में आप रोग मुक्त रहें, तो आपको एक्सपर्ट द्वारा बताई गई हेल्दी हैबिट्स को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करना चाहिए।

वीगन डाइट, लो-कार्ब्स डाइट, अल्ट्रा-लो-फैट डाइट और ऐसी दर्जनों तरह के डाइट प्लान हैं, जो हेल्दी लिविंग के लिए बनाए गए हैं। मगर क्या वाकई कम खाना खाकर या आहार में कोई विशेष फूड आइटम को शामिल करके अपनी उम्र को लंबा बनाया जा सकता है? यह सवाल आपके मन में भी उठता ही होगा। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट कविता देवगन कहती हैं, ₹ जो लाइफस्टाइल आजकल हम सभी फॉलो कर रहे हैं, उसमें हम कितना भी हेल्दी फूड खा लें, कोई फायदा नहीं है। हेल्दी डाइट के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना भी जरूरी है।₹

कविता एक रिसर्च का उदाहरण देते हुए कहती हैं, 'अमेरिकन ऑथर डैन ब्यूटनर ने हेल्दी लिविंग और लॉन्जिविटी पर एक रिसर्च की और दुनिया के अलग-अलग कोनों से कुछ ऐसी जगह ढूंढ निकाली, जहां के लोग 100 साल से भी ज्यादा जीते थे। इन्हें ब्ल्यू जोन घोषित किया गया।



### ब्ल्यू जोन एरिया के नाम

अलग-अलग देशों के इन नगरों में 100 से भी ज्यादा उम्र तक लोग जीते हैं। क्योंकि उनका खान-पान और रहन-सहन ऐसा कि उन्हें न तो स्ट्रेस होता है, न वे कोई बड़ी बीमारी का शिकार होते हैं। तो चलिए इन ब्लू जोन जगहों का नाम जानते हैं। इनमें लोमा लिंडा, कैलीफोर्निया, निकोया, कोस्टा रिका, सारडिनिया, इटली, इकारिया, ग्रीस और ओकीनावा, जापान शामिल हैं।

### बदलाव बढ़ाएंगे आपकी उम्र

ब्लू जोन में फॉलो की जाने वाली जीवनशैली से आप भी सीख लेकर आपी उम्र को लंबा बना सकते हैं। चलिए कविता जी से जानते उन 5 गुड हैबिट्स के बारे में।

### डाइट का रखें ध्यान

वैसे तो दुनिया में हर 100 कदम पर लोगों की भाषा, रहन-सहन और खान-पान बदल जाता है। मगर एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए हमें कैसा आहार लेना चाहिए, इसके बारे कविता कहती हैं,



₹ब्लू जोन में रहने वाले लोग प्लांट बेस्ड डाइट ज्यादा लेना पसंद करते हैं। ये लोग नट्स, सीड्स, होल ग्रेंस को उसी फॉर्म में आहार में लेते हैं, जैसे वह होते हैं। जैसे नट्स को डीप फ्राई करके या चटपटा बनाकर खाने की जगह, उन्हें वह वैसे ही खाते हैं जैसे वह उगते हैं। वही सब्जियों और फलों का रस निकालने की जगह वह उसे साबुत खाना ज्यादा पसंद करते हैं।₹ दरअसल, अगर आप फलों का रस निकालकर पीती हैं, तो उसमें न्यूट्रिशन की जगह पर केवल शुगर रह जाती है। वहीं सब्जियों को पकाकर खाने से अच्छा है आप उसे उबाल कर खाएं। ऐसे में उसमें जो भी पोषक तत्व होते हैं, वो आपको सही फॉर्म मिल जाएंगे।

### माइंडफुल ईटिंग

खाना खाते वक्त हमारी आदत टीवी या मोबाइल देखने की होती है। इस तरह से हमारा ध्यान खाने पर कम दूसरी चीजों में ज्यादा लगता है। हमें पता ही नहीं चलता है कि हम कितना खा गए। कविता कहती हैं, ₹अभी भूख से हमेशा 80 प्रतिशत कम खाना चाहिए।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लेडी गागा ने 25 लाख लोगों के सामने धमाकेदार कॉन्सर्ट कर मैडोना को पीछे छोड़ा



रियो डी जनेरियो के मशहूर कोपाकबाना बीच पर हाल ही में पॉप सुपरस्टार लेडी गागा ने एक ऐसा कॉन्सर्ट दिया, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। इस मुफ्त कॉन्सर्ट में करीब 25 लाख लोग शामिल हुए, जो किसी महिला कलाकार के कॉन्सर्ट में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ है। इस शानदार प्रदर्शन ने मैडोना का पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। यह लेडी गागा का लगभग एक दशक बाद ब्राजील में पहला कॉन्सर्ट था। लेडी गागा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में इस खास पल को साझा करते हुए लिखा, ₹बीती रात के शो के दौरान जो एहसास मुझे हुआ, उसके लिए मैं बिल्कुल तैयार नहीं थी। ब्राजील के लोगों के लिए गाते हुए मुझे जो गर्व और खुशी महसूस हुई, वह शब्दों में बयां करना मुश्किल है। जब मैंने शुरुआत में गाना शुरू किया और भीड़ को देखा तो मेरी सांसें थम गईं। आपका दिल, आपकी संस्कृति रंगो से भरी और खास है। मैं दिल से आभारी हूं कि मुझे आपके साथ यह ऐतिहासिक पल बांटने का मौका मिला।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹25 लाख लोग मुझे देखने आए जो किसी महिला कलाकार के लिए सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। मैं चाहती हूं कि यह खुशी दुनिया के हर कोने तक पहुंचे। अगर आप कभी रास्ता भटक जाएं, तो मेहनत और आत्मविश्वास से आप वापस लौट सकते हैं। अपनी कला को निखारें, मेहनत करें और आप नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।₹ पीपल की रिपोर्ट के मुताबिक कॉन्सर्ट के दौरान लेडी गागा ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ₹आज रात हम इतिहास रच रहे हैं। आप सभी ने मेरे साथ यह इतिहास बनाया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। ब्राजील के लोग ही मेरी चमक की वजह हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹आपकी आजादी, आपका प्यार, आपकी खुशी और आपका जोश पूरी दुनिया तक पहुंचे।

## टॉलीवुड

### रजनीकांत ने किया 'रेट्रो'का रिव्यू सूर्या की फिल्म पर की टिप्पणी



कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी फिल्म 'रेट्रो' इन दिनों सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। हालांकि, सुपरस्टार रजनीकांत को यह फिल्म खूब पसंद आई है। फिल्म को देखने के बाद उन्होंने 'रेट्रो' की जमकर तारीफ की है।

रजनीकांत ने हाल ही में 'रेट्रो' देखी और फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े। कार्तिक सुब्बाराज ने ट्विटर पर रजनीकांत के शब्दों को साझा करते हुए लिखा, "थलाइवर ने 'रेट्रो' देखी और उन्हें ये बेहद पसंद आई। उनके शब्द थे- 'पूरी टीम का शानदार प्रयास... सूर्या का प्रदर्शन सुपर... आखिरी 40 मिनट कमाल के... हंसी का तड़का शानदार...।' मैं तो खुशी से उड़ रहा हूं... थलाइवर, आपसे बहुत प्यार।"

'रेट्रो'ने तमिलनाडु के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म ने अब तक करीब 37 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। तमिलनाडु में चेन्नई, कोयंबटूर और मदुरै जैसे शहरों में फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जहां थिएटर्स में 80% से ज्यादा ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है।

## छॉलीवुड

### 'प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' को गीत-संगीत से सजा रहे नवलदास



ऋछत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्म के डायरेक्टर मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में 'प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' फिल्म का निर्माण हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जानेमाने गायक, गीतकार और संगीतकार नवलदास मानिकपुरी के लिखे व संगीत में पिरोये छह गीत छतीसगढी फिल्म व एल्बम की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती अल्का चंद्राकर परगनिहा के स्वर में रिकॉर्ड किए गए हैं। फिल्म में छतीसगढ के सुपरस्टार हिरो अनुज शर्मा व उभरते कलाकार दीपक साहू सहित छतीसगढ के बहुत से नामी-गिरामी कलाकार शामिल है। फिल्म के गीत-संगीत के बारे में नवलदास मानिकपुरी ने बताया कि कुल 8 गीत तैयार किए गए हैं। जिनमें 2 गीत मन मोहन जांजगीर ने लिखे है। सभी गीत अलग-अलग मूड के हैं। एक लव सांग भी अलग अंदाज में लिखा गया है वहीं फिल्म में कबीर साहब का एक भजन भी शामिल किया गया है जिसे खुद नवलदास मानिकपुरी और कुमार गब्बर महंत के स्वर में रिकॉर्ड किया जायेगा। वहीं अनुराग शर्मा, सुनील सोनी और राजेश कश्यप ने भी गीतों को अपनी आवाज दी है। नवलदास मानिकपुरी ने बताया कि गीत-संगीत में छत्तीसगढ़ की माटी की खूशबू झलकेगी। उल्लेखनीय है कि नवलदास मानिकपुरी अभी तक करीब 35 छत्तीसगढ़ फिल्मों के लिए गीत-संगीत तैयार कर चुके हैं। जिसे जनता ने भी बहुत सराहा और बेस्ट संगीतकार-गीतकार का अवार्ड भी मिल चुका है।

## फौज का फैशन

युद्ध भले ही दो या दो से अधिक पक्षों के बीच होता है लेकिन फैशन की दुनिया इसमें भी बाजार की जरूरत खोज लेती है। पिछले दिनों न्यूयार्क फैशन वीक में एक शो सेना की वर्दी पर केंद्रित रहा। इन वर्दियों में कुछ बदलाव कर अपनाते हुए कुछ बहुचर्चित मॉडल रैम्प पर उतरी थीं। इस शो पर दर्शकों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही।



लाइफ स्टाइल

# घरेलू उपाय अपनाने पर गर्म हवाओं से मिलेगी आपकी स्किन को राहत

गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से अधिकतर महिलाएं काफी परेशान रहती हैं। हीट वेव न सिर्फ आपकी स्किन को नुकसान पहुंचती है, बल्कि इसकी वजह से पूरे गर्मी के मौसम में महिलाएं चिड़चिड़ा पन महसूस करती है। अगर आप भी हीट वेव्स से बचना चाहती हैं और अपनी स्किन को स्वस्थ रखना चाहती है, तो अब आपको टेंशन करने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप घर पर रहकर हीट वेव से बच सकती है और अपनी स्किन को स्वस्थ रख सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि हीट वेव की वजह से परेशान होना ही काम समस्या है अगर आप भी गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से परेशानियां झेल रही है तो आप घर पर रहकर कुछ उपाय कर सकती हैं आईए जानते हैं उन उपाय के बारे में।

### खीरे से बनाएं फेस पैक

हीट वेव से बचने के लिए और स्किन को स्वस्थ रखने के लिए आप घर पर खीरे से फेस पैक तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले खीरे को कद्दूकस कर लें, इसके बाद इसे के कंटेनर में निकाल लें। अब आप इसमें एलोवेरा जेल, रोस मैरी वाटर, मलाई, विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ी हल्दी डाल लें। अब इस मिश्रण को अच्छे से फेंट ले उसके बाद थोड़ी देर के लिए ढककर रख दें।



आप इस फेस पैक को हफ्ते में तीन बार लगा सकती हैं। ऐसा करने से आपको हीट वेव की वजह से होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकती है। यही नहीं जब भी आप इस फेस पैक का इस्तेमाल करें, तो पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें, उसके बाद ही इसे चेहरे पर लगाएं। यह फेस पैक गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करेगा।

# सिंपल कुर्ता सेट के साथ खूब जमेंगे फुलकारी दुपट्टे के खास डिजाइंस



फुलकारी दुपट्टों में नई डिजाइन और वेराइटी तलाश रही हैं, तो आपको कुछ खास डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए। सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ भी आप इन्हें पहनेंगी, तो लोग मुड़-मुड़ कर आपको देखेंगे।



आजकल महिलाओं को बहुत ज्यादा तड़भड़क वाले कुर्ता सेट नही पसंद आते। आजकल महिलाएं सिंपल और सोबर कुर्ता सेट ज्यादा पसंद करती हैं, मगर स्टाइल से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं। इसके लिए वे दुपट्टे में वेराइटी तलाशती हैं। आजकल मार्केट में ऐसे दुपट्टे आने भी लगे हैं, जो एक सिंपल से कुर्ता सेट को महंगा सा डिजाइनर लुक दे सकते हैं। फिर चाहे आप कॉटन, नेट, सिल्क किसी में भी दुपट्टा खरीद लें। इसके साथ ही अब कढ़ाईदार दुपट्टे बहुत पसंद किए जा रहे हैं। जिसमें फुलकारी वर्क वाले दुपट्टों की डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आपको फुलकारी दुपट्टों में ढेरों वेराइटी देखने को मिलेगी। बेस्ट बात तो यह है कि आप इसे सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ पहन सकती हैं और ऑफिस, पार्टी या किसी छोटे-मोटे समारोह में जा सकती हैं। चलिए हम आपको इस दुपट्टे की कुछ डिजाइंस दिखाते हैं और इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी बताते हैं।

### लाइट एम्ब्रॉयडरी फुलकारी दुपट्टा

बाजार में आपको लाइट फुलकारी एम्ब्रॉयडरी वाले दुपट्टों में अच्छी वेराइटी देखने को मिल जाएगी। इसमें आपको हैवी बॉर्डर के साथ पूरे दुपट्टे में फूलों का बारीक जाल देखने को मिल जाएगा। वहीं छोटे-छोट मोटिफ में कढ़ाई वाले दुपट्टे भी आपका मिल जाएंगे। इस तरह के दुपट्टे ऑफिस के लिए बहुत अच्छे हैं। आप इसे डेली यूज के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं। कीमत- बाजार में इस तरह के दुपट्टे आपको 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में मिल जाएंगे।

हैवी एम्ब्रॉयडरी फुलकारी दुपट्टे में आपको एक नहीं कई सारी डिजाइंस मिल जाएंगी। इसमें थोड़ी मोटी एम्ब्रॉयडरी मिलेगी। फूलों की कढ़ाई के साथ-साथ इसमें आपको हैवी जालवर्क भी देखने को मिलेगा।

# साड़ी लुक को बनाना है अट्रैक्टिव तो हाथों में पहनें लेटेस्ट डिजाइंस वाली रिंग्स

सुंदर नजर आने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट एक्सेसरीज का चुनाव करती हैं तो, वहीं इस एक्सेसरीज में रिंग भी आती हैं। रिंग आपके आउटफिट को न्यू टच साथ ही, हाथों को सुंदर बनाने का काम करती है। रिंग आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर अपने लुक अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं तो, आप साड़ी के साथ ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले रिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

**स्टोन रिंग:** अगर आप लाइट कलर की साड़ी स्टाइल कर रही हैं तो, आप इस तरह की रिंग स्टाइल कर सकती हैं। इस रिंग में स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, ये राउंड डिजाइन में है। इस तरह का रिंग आपके लुक को सुंदर बनाने का काम करेगा और इसे आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। जो आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं।

**कुंदन वर्क रिंग:** ट्रेंडी लुक के लिए आप इस तरह की कुंदन वर्क रिंग का चुनाव कर सकती हैं और इस रिंग में आपके लुक न्यू टच देने का काम करेंगे। इस तरह की रिंग आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों



से 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। यह रिंग आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**मोती डिजाइन रिंग:** आपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप इस तरह के कुंदन वर्क में मोती डिजाइन वाले रिंग का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की रिंग आपको 150 रूपये से कम कीमत में खरीद कर लाइट और डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप न्यू डिफरेंट और न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के मोर डिजाइन वाले रिंग का भी चुनाव कर सकती हैं।

# ट्रेंडी हेयर स्टाइल देंगे अप्सरा जैसा लुक

शादी या किसी खास मौके पट अप लहंगा स्टाइल करने का सोच रही हैं तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं जो आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

हेयरस्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करता है और ये ही वजह हैं कि महिलाएं बेस्ट आउटफिट के साथ परफेक्ट हेयर स्टाइल बनवाना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप लहंगा स्टाइल कर रही हैं और इस दौरान अप्सरा जैसा लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के 3 ट्रेंडी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा साथ ही, आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

### बन हेयर स्टाइल

एक्ट्रेस शनाया कपूर की तरह आप लहंगे के साथ आप इस तरह का बन हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह का बन हेयर स्टाइल न्यू और स्टाइलिश टच देने का काम करेगा। बन हेयर स्टाइल आप कई तरह से बना सकती हैं। इसमें आपको बालों को पीछे तरह करना है और ऊपर पिन की मदद से बालों को बन बना देना है। वहीं न्यू लुक देन के लिए आप इसके ऊपर फूल भी लगा सकती हैं।



### ओपन हेयर स्टाइल

ओपन हेयर स्टाइल को किस तरह का होता हैं। इसके लिए आप एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लुक से आइडिया ले सकती हैं। यह हेयर स्टाइल बनाना आसान है और इसे आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस हेयर स्टाइल को आप बालों को खुला छोड़कर कर्ल कर दें। इसी के साथ इस हेयर स्टाइल को कई और तरह से भी आप बना सकती हैं। वहीं इस ओपन हेयर स्टाइल के साथ आप न्यू एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं। लहंगा के साथ आप इस तरह का फ्लोरल ब्रैड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। यह हेयर स्टाइल आपके लुक न्यू लुक देने का काम करेगा।

## कार्नर न्यूज

आजकल कम उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां हो गई आम बात

# नौजवानों के चेहरे पर नजर आ रही हैं झुर्रियां कुछ उपाय से पा सकते हैं यंग और हेल्दी स्किन

आजकल बहुत से लोगों में 30 की उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती है। लेकिन यह केवल बढ़ती उम्र का असर नहीं होता, बल्कि कई अन्य कारण भी होते हैं जो त्वचा को जल्दी बूढ़ा बना सकते हैं। हालांकि, अगर कुछ सरल और प्रभावी उपाय अपनाए जाएं तो आप अपनी त्वचा को यंग और हेल्दी रख सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे तरीकों के बारे में जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को लंबी उम्र तक जवां और चमकदार बना सकते हैं।

सही डाइट का लेना बेहद जरूरी आपकी त्वचा का स्वास्थ्य सीधे आपकी डाइट से जुड़ा होता है। यदि आप पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेते हैं, तो आपकी त्वचा भी स्वस्थ और जवां रहती है। ताजे फल और सब्जियां को हर दिन अपनी डाइट में शामिल करना जरूरी होता है। ताजे फल और सब्जियां विटामिन C, E और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो त्वचा को नुकसान से बचाती हैं। उदाहरण के लिए, संतरा, अंगूर, पत्तेदार हरी सब्जियां, गाजर आदि।



### ऐसे रखें त्वचा को हाइड्रेटेड

मछली, अखरोट, अलसी और चिया सीड्स भी चेहरे के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। ये त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। यह त्वचा को तरोताजा बनाए रखता है और समय से पहले झुर्रियां आने से रोकता है। धूप में सीधे संपर्क से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचता है, जिससे समय से पहले झुर्रियां, डार्क स्पॉट्स और सनबर्न हो सकते हैं।

### जरूर करें संसक्रीन का उपयोग

बाहर जाने से पहले एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा का सनस्क्रीन इस्तेमाल करें। यह त्वचा को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाता है। सूरज की किरणों से बचने के लिए कोशिश करें कि धूप में ज्यादा समय न बिताएं, खासकर सुबह 10 से 4 बजे के बीच का समय काफी अहम होता है। स्किनकेयर रूटीन में नियमितता बेहद जरूरी है।

### अच्छे मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करें

अपनी त्वचा को हर दिन अच्छी तरह से साफ करें ताकि गंदगी और तेल हट सके। लेकिन क्लींजर ऐसा हो जो आपकी त्वचा को ड्राई न करे। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा की इलास्टिसिटी बनी रहती है और झुर्रियां कम होती हैं। विटामिन C और रेटिनॉल वाले क्रीम्स और सीरम्स का इस्तेमाल करें। ये त्वचा की मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाते हैं और कोलेजन को बनाए रखते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।

### प्राकृतिक चीजों से भी पहुंचता है फायदा

हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं और दूध त्वचा को मुलायम बनाए रखता है। आप हल्दी और दूध का पेस्ट बना कर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। एलोवेरा त्वचा को ठंडक और हाइड्रेशन देता है। यह झुर्रियों को भी कम करता है। आप ताजे एलोवेरा जेल को सीधे चेहरे पर लगा सकते हैं। स्मोकिंग और अत्यधिक अल्कोहल का सेवन आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है। ये दोनों चीजें आपकी त्वचा के कोलेजन को तोड़ती हैं, जिससे झुर्रियां जल्दी बनती हैं और त्वचा की लचीलापन कम हो जाती है।

### तनाव को लेने से बचें

अगर आप मानसिक तनाव में रहते हैं, तो यह आपके शरीर पर असर डाल सकता है, जिसमें त्वचा भी शामिल है।